NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विज़डम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 14 अंकः 55 लखनऊ, शनिवार 05 अक्टूबर 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## पीएम मोदी भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, गरीबी से बाहर निकले 25 करोड़ लोग



एजेंसी।

नई दिल्ली मोदी ने कहा कि हमारा कमिटमेंट है कि भारत को विकसित बनाने के लिए लगातार संरचनात्मक सुधार करते रहेंगे। भारत में विकास के साथ समावेशन भी हो रहा है। इसी का परिणाम है कि पिछले 10 साल में 250 मिलियन... यानि 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली में कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। आज भारत जीडीपी के हिसाब से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हम वैश्विक फिनटेक अपनाने की दर के मामले में नंबर वन हैं। आज हम स्मार्टफोन डेटा खपत के मामले में नंबर वन हैं। उन्होंने कहा कि आज, वैश्विक आपातकाल के बीच, हम यहां श्भारतीय युगश के बारे में चर्चा कर रहे हैं... इससे पता चलता है कि दुनिया भारत पर कितना भरोसा करती है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती और 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। फिनटेक अपनाने की दर के मामले में, हम शीर्ष देश के रूप में खड़े हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक वास्तविक समय लेनदेन का आधा हिस्सा भारत में होता है। भारत दोपहिया वाहनों और ट्रैक्टरों का सबसे बड़ा निर्माता है, और मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। उन्होंने कहा कि श्सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तनश हमारा मार्गदर्शक मंत्र है। जब लोगों का जीवन बदल जाता है, तो वे अपने देश में विश्वास करना शुरू कर देते हैं। फिर वही बात उनके जनादेश के माध्यम से परिलक्षित होती है। 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास ही हमारी ताकत है। हम भारत की भलाई के लिए और अधिक संरचनात्मक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जियाउल हक हत्याकांड – 10 आरोपी दोषी करार, नौ अक्तूबर को सुनाई जाएगी सजा, दो मार्च 2013 को हुई थी हत्या

संवाददाता। लखनऊ

शासन ने मामले की विवेचना सीबीआई को सौंप दी थी। सीबीआई ने आठ मार्च 2013 को मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। सीबीआई प्रतापगढ़ में कुंडा के सीओ जियाउल हक हत्याकांड के मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश धीरेंद्र कुमार ने फुलचन्द्र यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, रामलखन गौतम, छोटे लाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पटेल उर्फ बुल्ले को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने इस मामले में आरोपी रहे सुधीर को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। कोर्ट नौ अक्तूबर को आरोपियों को सजा सुनाएगी। इसके पहले कोर्ट में जमानत पर चल रहे सभी आरोपी हाजिर हुए। कोर्ट ने सभी 10 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेजने का आदेश दिया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को नौ अक्तूबर को सजा सुनाने के लिए जेल से तलब किया है। पत्रावली के अनुसार दो मार्च 2013 की शाम साढ़े सात बजे जमीन विवाद के चलते प्रतापगढ़ के कुंडा के बलीपुर गांव के प्रधान नन्हे यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में प्रधान नन्हे यादव के समर्थक हथियारों से लैस होकर बलीपुर पहुंच गए थे और कामता पाल के घर को आग के हवाले कर दिया था। इस जमाव की जानकारी मिलने पर सीओ कुंडा जियाउल हक, तत्कालीन हाथीगवां थाना प्रभारी मनोज कुमार शुक्ला और कुंडा थाना प्रभारी सर्वेश मिश्र पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे, जहां भीड़ ने पुलिस को घेर लिया। इसपर पुलिसकर्मी भाग गए और भीड़ को समझा रहे सीओ से झड़प में प्रधान नन्हे यादव के छोटे भाई सुरेश यादव की गोली लगने से मौत हो गई। इसके बाद भीड़ ने सीओ जियाउल हक की पिटाई के बाद गोली मारकर हत्या कर दी थी। रात 11 बजे सीओ की तलाश शुरू हुई तो सीओ की लाश प्रधान के घर के पीछे खड़ंजे पर मिला था।



## मार्शलों को बहाल करने की BJP ने की मांग, विजेंद्र गुप्ता ने पूछा

एजेंसी।

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की 'आम आदमी पार्टी' सरकार पर आरोप लगाया है कि वह डीटीसी के 10 हजार मार्शलों की नौकरी बहाल करने की नौटंकी कर रही है और इन युवाओं के अरमानों को कुचल कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। दिल्ली भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मार्शलों को बहाल करने की मांग के साथ भाजपा विधायक दल कल सुबह 10रू30 बजे मुख्यमंत्री आतिशी से मुलाकात करेगा और उनसे विनम्र अनुरोध करेगा कि इन गरीब दस हजार मार्शलों को नौकरी पर बहाल करने के लिए जो भी जरूरी है वह किया जाए, भाजपा विधायक दल अपना पूरा सहयोग देने को तैयार है। प्रेस वार्ता में भाजपा विधायक अभय वर्मा भी मौजूद थे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 26 सितंबर को भाजपा विधायक दल की ओर से विधानसभा में इन 10 हजार बस मार्शलों की नौकरी को बहाल करने और उन्हें नियमित करने के संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया था। इस प्रस्ताव पर चर्चा होने के बाद इसे सदन में पारित कर दिया गया। अब नियमानुसार इस प्रस्ताव को कैबिनेट से अप्रूव करवाने के लिए एक कैबिनेट नोट बनाया जाना था और कैबिनेट की बैठक बुलाकर उस पर कैबिनेट की मंजूरी ली जानी थी और उसके बाद अंत में इसे उपराज्यपाल की स्वीकृति के लिए एलजी ऑफिस भेजा जाना था, लेकिन सरकार की तरफ से ऐसा कुछ नहीं किया गया। और मार्शलों की आँख में धूल झोंकने के लिए 3 अक्टूबर को एलजी से मिलने की झूठी घोषणा का आडंबर रच दिया गया। विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने ऐसा कुछ नहीं किया, क्योंकि यह इन मार्शलों को नौकरी पर रखना ही नहीं चाहती। गुप्ता ने बताया कि आतिशी सरकार ऐसा इसलिए नहीं करना चाहती क्योंकि इनके आका यानी अरविंद केजरीवाल के 11 अक्टूबर 2023 के नोट पर ही इन्हें बर्खास्त किया गया था और अब दिन रात अपने 'आका' का स्तुतिगान करने वाले आप पार्टी के नेता अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ जाने की हिम्मत कैसे जुटा सकते हैं और इसीलिए इन्होंने इन सबसे बचने के लिए कैबिनेट नोट और मीटिंग जैसी औपचारिकता पूरी न करने का फैसला लिया।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी अब 'धोखाधड़ी पार्टी' बन चुकी है और इसलिए दिल्ली के युवाओं को धोखा देना, उनके अरमानों को कुचलना और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करना इनकी आदतों में शुमार हो चुका है। गेस्ट टीचर्स, कॉन्टैक्ट इंप्लाइज, डाक्टर्स, शिक्षक, वालन्टियर्स, बस मार्शल्स, सबके साथ धोखा करना इनकी फितरत बन चुका है।

## क्या महम सीट में पहली बार खिलेगा कमल, ऐसे समझिए यहां का समीकरण

एजेंसी।

हरियाणा की महम विधानसभा सीट भी काफी ज्यादा चर्चित है। बता दें कि बीते कई चुनावों से इस सीट पर कांग्रेस ने कब्जा जमाए रखा था। लेकिन साल 2019 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 05 अक्तूबर को मतदान होने हैं। वहीं 08 अक्तूबर को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। हरियाणा की महम विधानसभा सीट भी काफी ज्यादा चर्चित है। बता दें कि बीते कई चुनावों से इस सीट पर कांग्रेस ने कब्जा जमाए रखा था। लेकिन साल 2019 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था और निर्दलीय प्रत्याशी की जीत हुई थी। तो आइए समझते हैं हरियाणा की महम विधानसभा सीट का समीकरण.हरियाणा की यह विधानसभा सीट रोहतक संसदीय क्षेत्र के तहत आती है। वैसे तो यह सीट करीब 15 सालों से कांग्रेस पार्टी का गढ़ बनी थी। बता दें कि साल 1991, 2005, 2009, 2014 में महम विधानसभा सीट से आनंद सिंह डांगी ने इस सीट पर कब्जा बनाए रखा। वहीं साल 2019 के चुनाव में इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी बलराज कुंडू ने बड़ा उलटफेर जीत हासिल की थी। वहीं साल 1967 से लेकर अब तक इस सीट से भारतीय जनता पार्टी अपना खाता नहीं खोल सकी है। वहीं इस बार यानी की साल 2024 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से बलराज कुंडू ने एक बार फिर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। हरियाणा की महम विधानसभा सीट एक सामान्य श्रेणी की सीट है। रोहतक जिले की 9 विधानसभाओं में से एक है। राज्य की महम विधानसभा में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या करीब 22 फीसदी है। इस सीट से कुल वोटरों की संख्या करीब 1,80,000 से ज्यादा है।



## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अमृतकाल मे सहभागिता कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

### उप मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र किया वितरित

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को गहनाग देव संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गहनाग राय पट्टी, विकासखंड अमानीगंज अयोध्या में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित 'आइये रोजगार करें' प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना अमृतकाल सहभागिता समारोह में शामिल हुये।

उप मुख्यमंत्री जी का आगमन अन्तर्राष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पर हुआ, जहां महापौर अयोध्या महंत गिरीश पति त्रिपाठी, संजीव सिंह व उपनिदेशक समाज कल्याण ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री ने गहनाग बाबा के मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया एवं ग्राम चौपाल में डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा स्वयं सहायता समूहो केक्षकार्यक्रम में सम्मिलित हुये, जहां स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये जा रहे दीपोत्सव के दीयों का अवलोकन किया गया। अगले चरण में उप मुख्यमंत्री समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में पहुंचे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण असीम अरुण उपस्थित रहे। समारोह में मंत्री गणों ने पिछड़ा वर्ग समाज कल्याण, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, अग्रणी बैंक प्रबन्धक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति, स्वयं सहायता समूह आदि विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा श्रीमती शीला देवी ग्राम प्रधान को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र, 01 लाभार्थी को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का प्रशस्त्रि पत्र तथा 09 लाभार्थियों को अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति का डमी चेक, आश्रम पद्वति के 06 मेधावी छात्रों को प्रशंसा पत्र, आयुष्मान कार्ड के 04 लाभार्थियों को डमी चेक, पीएम आवास योजना के 05 लाभार्थियों को चाभी, पीएम किसान सम्मान निधि के 02 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर के 01 लाभार्थी को 24 लाख का चेक व 200 बी0सी0 सखी को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज गहनाग बाबा की पावन धरा पर मुझे आने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जनपद अयोध्या में केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा चहुंमुखी विकास हो रहा है इसका श्रेय हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त राशन योजना के तहत नियमित राशन दिया जा रहा है तथा आयुष्मान योजना के तहत गरीब वर्ग के व्यक्तियों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम की समस्याओं के निस्तारण के लिए सरकार आपके द्वार (गांव की समस्या गांव में समाधान) चौपाल के माध्यम से त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बी0सी0 सखी के माध्यम से लखपति दीदी योजना को ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करते हुए गरीबों को बैंक की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने दिव्यांग सशक्तिकरण योजना, किसान सम्मान निधि, आवास योजना, वृद्धा पेंशन, निराश्रित पेंशन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं के माध्यम से सभी पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सरकार कटिबद्ध है और इस पूरी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्ष ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है तथा इसके लिए ग्राम पंचायतों में खुली बैठक करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जीरो टालरेन्स की नीति के तहत अपराधियों पर अंकुश लगा रही है तथा युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए सेवायोजन के माध्यम से रोजगार दिया जा रहा है। कहा कि हर शुक्रवार को आयोजित होने वाले 'ग्राम चौपाल–गांव की समस्या गांव में समाधान' में ग्राम चौपाल में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए उनकी समस्याओं को एक–एक करके सुना और त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 2.25 करोड़ किसानों को 4,985.49 करोड़ रुपये की 18वीं किश्त का भुगतान-कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

लखनऊ। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाली 18वीं किश्त की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 05 अक्टूबर 2024 को महाराष्ट्र के वेगॉल (वाशिम) में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 2,25,91,884 किसानों को कुल 4,985.49 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इसके साथ ही 23.36 लाख लंबित किश्तों के 46.70 करोड़ रुपये का भुगतान भी किसानों के डेटा सुधार के बाद किया जाएगा।मंत्री शाही ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से दिसंबर 2018 में शुरू की गई थी। इसके अंतर्गत किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये की सहायता राशि तीन किश्तों में दी जाती है। इस योजना के जरिए किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हर चार माह में 2,000 रुपये की किश्त उनके खातों में सीधे स्थानांतरित की जाती है।शाही ने जानकारी दी कि योजना के आरंभ से जुलाई 2024 तक उत्तर प्रदेश में 17 किश्तों के माध्यम से कुल 74,492.71 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जिससे प्रदेश के 2.76 करोड़ किसानों को कम से कम एक बार योजना का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि 17वीं किश्त का वितरण प्रधानमंत्री मोदी जी ने 18 जून 2024 को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में किया था, जिसमें 2,14,55,237 किसानों को 4,831.10 करोड़ रुपये की राशि दी गई थी।कृषि मंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 05 अक्टूबर 2024 को पूरे देश के लगभग 9.51 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20,552 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इस योजना से न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के किसानों को लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

## आंध्र के मुख्यमंत्री को लोगों से माफी मांगनी चाहिए तिरुपति लड्डू मुद्दे पर जगन मोहन रेड्डी ने कहा

एजेंसी।

अमरावती । लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए एक स्वतंत्र एसआईटी गठित करने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश का स्वागत करते हुए वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को लोगों से माफी मांगनी चाहिए।अमरावती । तिरुपति लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए एक स्वतंत्र एसआईटी गठित करने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश का स्वागत करते हुए वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को रद्द करके उच्चतम न्यायालय ने नायडू की ''असली तस्वीर'' सामने ला दी है। जगन ने तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) की कुछ सोशल मीडिया पोस्ट दिखाकर अपने प्रतिद्वंद्वी पर निशाना साधते हुए कहा, ''...जब उच्चतम न्यायालय ने ऐसी टिप्पणी की है, यदि उनमें (नायडू) ईश्वर के प्रति कोई श्रद्धा है, तो उन्हें लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें तिरुमला वेंकटेश्वर स्वामी के समक्ष प्रार्थना करके कहना चाहिये कि उनसे गलती हुई। उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया है, बल्कि वे (तेदेपा) अपने ट्विटर हैंडल के माध्यम से पोस्ट जारी कर रहे हैं



## छत्तीसगढ के दंतेवाड़ा में मुठभेड़, 30 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने किया ढेर

एजेंसी।

छतीसगढ बस्तर पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नारायणपुर–दंतेवाड़ा अंतर–जिला सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में दोपहर करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में कम से कम 30 संदिग्ध नक्सली मारे गए हैं। बस्तर पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नारायणपुर–दंतेवाड़ा अंतर–जिला सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में दोपहर करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अधिकारियों ने कहा कि माओवादियों के शवों की अभी तक पहचान नहीं की जा सकी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है क्योंकि पुलिस दल अभी भी जंगल में हैं। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के बीच फैला अबूझमाड़ को श्अज्ञात पहाड़ीश के रूप में जाना जाता है क्योंकि ब्रिटिश काल के बाद से 6,000 वर्ग किमी के घने जंगल का सर्वेक्षण नहीं किया गया है। जंगल माओवादी गतिविधियों का केंद्र है और कहा जाता है कि सीपीआई (माओवादी) के लगभग एक दर्जन वरिष्ठ कैडर अभी भी वहां डेरा डाले हुए हैं। दोपहर में पुलिस द्वारा जारी बयान में यह भी खुलासा हुआ कि मुठभेड़ स्थल से एक एके–47 राइफल और एक एसएलआर (सेल्फ–लोडिंग राइफल) सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।



## राहुल गांधी ने हरियाणा में प्रचार रैलियों में दिया जोरदार भाषण

एजेंसी।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार पूरी तरह से थम चुका है। जिससे तीन–चार दिन पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी ने प्रचार की कमान अपने हाथों में ली थी। जिसको लेकर कल उन्होंने राज्य में कई रैलियां को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आड़े हाथों लेते हुए पर जमकर हमला बोला। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार पूरी तरह से थम चुका है। जिससे तीन–चार दिन पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी ने प्रचार की कमान अपने हाथों में ली थी। जिसको लेकर कल उन्होंने राज्य में कई रैलियां को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आड़े हाथों लेते हुए पर जमकर हमला बोला। इसके साथ ही गांधी ने हरियाणा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को शेर और शेरनियां बताते हुए कहा कि उनकी बदौलत ही पूरी पार्टी को शक्ति मिलती है। रैली को संबोधित करते हुए रायबरेली से कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता नफरत को मुहब्बत से खत्म करते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दिल में इज्जत, भाईचारा और सभी के लिए सम्मान हमेशा बना रहता है। अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान जिस किसी भी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नफरत फैलाने की कोशिश की, वहां कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मुहब्बत की दुकान खोलकर अपने भाईचारे और एकता का संदेश फैलाया हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जोड़ने की बात करती है। तो वहीं, बीजेपी का काम सिर्फ देश की एकता को तोड़ना है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

sheelshukla100@gmail.com

# पेराई सत्र 2024–25 के लिए गन्ना सट्टा एवं आपूर्ति नीति जारी

लखनऊ। गन्ना किसानों के व्यापक हितों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेराई सत्र–2024–25 के लिए गन्ने के सट्टा एवं आपूर्ति नीति जारी कर दी गयी है। चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने यह जानकारी देतु हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में गन्ना किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है। इसी कड़ी में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए जारी गन्ने के सट्टा एवं आपूर्ति नीति में गन्ना किसानों के लिए विभिन्न प्रकार के सुविधाजनक और लाभकारी प्राविधान किये गये हैं। बताया कि प्रथम बार गन्ना समिति के नये कृषक सदस्यों का सट्टा पेराई सत्र 2023–24 में संबंधित चीनी मिल की औसत गन्ना आपूर्ति अथवा संबंधित जिले की गन्ना उत्पादकता का 65 प्रतिशत, इनमें से जो भी अधिक हो, की सीमा तक गन्ना सट्टा का लाभ दिया जायेगा। पहली बार नये समिति सदस्यों, जिनके पास पेड़ी अथवा शरदकालीन पौधा है, उनकी पर्चियां 6वें पक्ष में लगायी जायेंगी और जिनके पास पौधा गन्ना है, उनकी पर्चियां 7वें पक्ष में लगायी जायेंगी। गन्ना समिति के 30 सितम्बर, 2024 तक बनाये गये नये सदस्यों द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों की जांच कर नियमानुसार सदस्यता दिलाते हुए, उनका सट्टा बनाते हुए 15 नवम्बर तक अंतिम कैलेण्डर लाईव कर दिया जायेगा। चौधरी ने बताया कि गन्ना समितियों के नये सदस्य जो नियमानुसार 30 सितम्बर 2024 तक बनाये जायेगें, उन्हें पेराई सत्र 2024–25 में गन्ना आपूर्ति की सुविधा अनुमन्य होगी। गन्ना आपूर्ति नीति में छोटे गन्ना किसानों की आपूर्ति के दृष्टिगत 72 कुन्टल तक के सट्टा धारक गन्ना किसानों को छोटे कृषक की श्रेणी में शामिल करते हुए छोटे गन्ना किसानों की पेड़ी गन्ने की पर्चियां 01 से 03 पक्ष में तथा पौधे गन्ने की पर्चियां 07 से 09 पक्ष में जारी की जायेंगी। प्रथम बार अतिलघु गन्ना किसानों, जिनका सट्टा 36 कुन्तल तक है, की पेड़ी गन्ने की पर्चियां प्रथम पक्ष में व पौधे गन्ने की पर्चियां सातवें पक्ष में जारी किये जाने की विशेष सुविधा दिया जाना अनिवार्य किया गया है। चौधरी ने बताया कि गन्ने की खेती में उत्पादकता बढ़ाने एवं जल संरक्षण की महत्ता को ध्यान में रखते हुए ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से सिंचाई करने वाले गन्ना कृषकों को अतिरिक्त सट्टे में प्राथमिकता दी गयी है। परन्तु अतिरिक्त सट्टे में अस्वीकृत किस्मों के गन्ने को सम्मिलित नहीं किया जायेगा। पहली बार कृषकों के व्यापक हितों के दृष्टिगत अतिरिक्त बॉन्डिंग पेड़ी एवं शरदकालीन पौधाधारक कृषकों को 6वें पक्ष से अतिरिक्त बान्डिंग की सुविधा दी जायेगी। अतिरिक्त सट्टे की सुविधा गन्ना किसानों को निःशुल्क प्रदान की जायेगी।चौधरी ने बताया कि गन्ना शोध परिषद की ओर से जारी गन्ना किस्म परिपक्वता क्रम को ध्यान में रखकर सभी गन्ना कृषकों को सुलभता के साथ सप्लाई हेतु गन्ने की कैलेण्डरिंग की जायेगी, जिसके अनुसार मुख्यतः को.15023 गन्ना प्रजाति को अगेती संवर्ग में परिपक्वता के दृष्टिगत पेड़ी गन्ने की पर्चियां 01 से 02 पक्ष में एवं पौधे गन्ने की पर्चियां 07 से 08 पक्ष में जारी किये जाने की व्यवस्था प्रदान की गयी है।चौधरी ने बताया कि सट्टा नीति में पहली बार अभिनव प्रयोग के तहत नई तकनीक का उपयोग करते हुए यांत्रिक गन्ना कटाई की अनुमति प्रदान की गयी है। इसमें जो चीनी मिल अपने क्षेत्र में यांत्रिक गन्ना कटाई को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारम्भ करना चाहती हैं, वह इस संबंध में चीनी मिल यांत्रिक गन्ना कटाई से संबंधित बिन्दुओं यथा–यांत्रिक गन्ना कटाई दर एवं वाह्य सामग्री आदि पर इच्छुक कृषकों से सहमति प्राप्त करने के उपरांत केन इम्प्लीमेन्टेशन कमेटी के विचारार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी, जिस पर केन इम्प्लीमेन्टेशन कमेटी द्वारा संबंधित सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव से आवश्यक विचार–विमर्श कर यांत्रिक गन्ना कटाई के संबंध में निर्णय लिया जायेगा। कृषकोंको शिकायत निवारण प्रणाली के अन्तर्गत उत्कृष्ट सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से मुख्यालय स्तर पर एक कन्ट्रोल रूम की व्यवस्था की गयी है जिसमें स्थापित टोल फ्री नम्बर 1800–121–3203 पर कृषक सीधे अपनी शिकायतें दर्ज कराकर समाधान करा सकते हैं। गन्ना विकास विभाग पेराई सत्र 2024–25 में चीनी मिलों को समय पर एवं सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु समुचित व्यवस्था कर रहा है, जिससे गन्ना कृषकों को पेराई सत्र के दौरान आने वाली असुविधाओं का सामना न करना पड़े।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें – प्रमुख सचिव

## यौन कर्मियों के सम्मान और अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए राउंडटेबल कान्फ्रेंस आयोजित

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटीएलायन्स इंडिया व ऑल इंडिया नेटवर्क ऑफ सेक्स वर्कर के साझा प्रयास द्वारा राज्य स्तरीय राउंडटेबल कान्फ्रेंस का आयोजन लखनऊ के एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों यथा स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल एवं महिला कल्याण, पुलिस, न्याय, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, यौनकर्मी व् प्रबुद्ध समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह राउंडटेबल विशेष रूप से सर्वोच्च न्यायालय के उस ऐतिहासिक महत्वपूर्ण आदेश पर केंद्रित रहा जो यौनकर्मियों के मूलभूत अधिकारों की बात करता है। मई 2022 में जारी इस आदेश में स्पष्ट रूप से यौनकर्मियों के जीवन, उनकी गरिमा और कानून के समक्ष समानता के अधिकारों को मान्यता दी गई है। इसका उद्देश्य यौनकर्मियों के अधिकारों, उनकी गरिमा और कल्याण के संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के प्रभावी कार्यान्वयन पर विचार–विमर्श करना और प्रभावी रणनीति तैयार करना था ताकि राज्य में यौनकर्मियों को भेदभाव और हिंसा से सुरक्षा मिल सके।प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश सरकार पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बतौर मुख्य अथिति कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसाइटी, एलाइंस हेल्थ और सेक्स वर्कर एसोसियेशन द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण कान्फ्रेंस में सभी सम्बंधित विभाग शामिल हुए है इस कान्फ्रेंस की सफलता इसी में है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गये निर्देशों में उल्लेखित सभी 7 प्रमुख बिन्दुओं पर कार्ययोजना बना कर सभी विभाग इनको अमल में लाने के प्रयास करते हुए सेक्स वर्कर के सम्मान और अधिकारों को दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने इस बात जोर दिया कि कार्यक्रम के अंत में एक पाठ्यक्रम तैयार किया जाये ताकि सभी डिपार्टमेंट इस पर काम करें । इस कान्फ्रेंस को रस्मअदाएगी न मान कर असल में काम करने की एक रणनीति बनाने के लिए उपयोग किया जाए है ।राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की परियोजना निदेशक अमृता सोनी ने बताया कि यौनकर्मियों के लिए एचआईवीध्एड्स की रोकथाम और उपचार के लिए व्यापक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, लेकिन यह तभी संभव होगा जब यौनकर्मी बिना किसी भय या भेदभाव के इन सेवाओं का उपयोग कर सकें। हमने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और समाज कल्याण विभाग को भी आमंत्रित किया ताकि यौनकर्मियों की आजीविका तक पहुँच बन सके । ये सभी बातें निचले स्तर तक जायें ताकि हम बेहतर समाज बन सके ।राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) डीडीजी प्रिवेंशन से सोभिनी ने बताया कि भारत में 24 लाख लोग एचआईवी से पीड़ित है। इनके लिए नाको के 904 प्रोजैक्ट्स एचआईवी जागरूकता पर चलायें जा रहे है । अगर हम बात करें कोविड के समय की तो सबसे ज्यादा इनकी ही आजीविका प्रभावित हुई ऐसे में नाको की तरफ से उन्हें ड्राई राशन वितरित किया गया । साथ ही अच्छी बात यह है कि प्रावधान है जिसमें नाको के गैजेट्स ऑफिसर बिना किसी अन्य जानकारी के आधार कार्ड बना सकते है । सेक्रेटरी सालसा संतोष कुमार ने कहा कि यौनकर्मी समाज के एक संवेदनशील वर्ग का हिस्सा हैं और यह हमारा नैतिक और कानूनी दायित्व है कि उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं, कानूनी सहायता और सामाजिक सुरक्षा का पूरा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि यौनकर्मियों के अधिकारों का सम्मान करना और उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करना राज्य का दायित्व है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यौनकर्मियों को उनके पेशे के आधार पर भेदभाव और उत्पीड़न का सामना नहीं करना चाहिए। ऑल इंडिया नेटवर्क ऑफ सेक्स वर्कर्स से पुतुल कहा कि केवल नीतियों का निर्माण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इन नीतियों का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यौनकर्मियों के प्रति पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के व्यवहार में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। यह देखा गया है कि पुलिस और यौनकर्मियों के बीच संबंध कई बार तनावपूर्ण रहे हैं, और इसे बदलने के लिए पुलिस कर्मियों को संवेदनशील बनाना आवश्यक है। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पुलिस कर्मी यौनकर्मियों के कानूनी अधिकारों को समझ सकें और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करें।सुप्रीम कोर्ट की वकील तृप्ति ने एचआईवीध्एड्स अधिनियम, 2017 के तहत यौनकर्मियों को कानूनी और स्वास्थ्य सेवाओं में भेदभाव से सुरक्षा सुप्रीम कोट के प्रावधानों को प्रस्तुति के माध्यम से समझाया और इस पर गहन चर्चा कि तथा प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए ।पुलिस विभाग से जुड़े प्रतिभागियों ने पूरी सक्रियता के साथ कान्फ्रेंस में प्रतिभाग किया और सेक्स वर्कर से सम्बंधित मामलों में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को साझा किया और उनका उचित सुझाव और समाधान उपलब्ध कराए गए ।

कार्यक्रम में यूपीसेक्स के अपर परियोजना निदेशक रवींद्र कुमार, संयुक्त निदेशक रमेश चंद्र श्रीवास्तव, लॉ एनफोर्समेंट अधिकारी श्याम, उपनिदेशक समाज कल्याण श्रीनिवास त्रिवेदी, उपनिदेशक महिला एवं बाल कल्याण पुनीत मिश्र, ऑल इण्डियन नेटवर्क ऑफ सेक्स वर्कर्स से श्रीराम, पुलिस और कानून विभाग के अधिकारी और स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दो छात्रावासों में 97.78 लाख की लागत से होंगे विभिन्न कार्य

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग की ओर से सिद्धार्थनगर में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने 97.78 लाख रुपए जारी किये है। यह जानकारी समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दी। उन्होंने बताया कि जारी धनराशि से छात्रावास की सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा, ताकि वहां रहने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवार के बच्चों तक बेहतर सुविधाओं का लाभ पहुंच सके। इसके लिए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के साथ छात्र–छात्राओं को बेहतर सुविधाएं भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर जनपद के सकतपुर, सनई और घरुवार, बढ़नी में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में छात्रावास भवन के मरम्मत के साथ रंगाई–पुताई का कार्य, आन्तरिक सीवर कार्य, एवं पेयजल, इलेक्ट्रिक संबंधित कार्य कराने के लिए 97.78 लाख रुपये प्रदान किया गये है।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुआ कार्यशाला का आयोजन

लखनऊ। खध्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग द्वारा तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से स्टॉक मार्केट निवेश पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के विशेषज्ञ लाभव्य फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, सीएफपी राज पांडे थे। कार्यशाला के दूसरे दिन, पांडे ने छात्रों के लिए एक हैंडहोल्डिंग सत्र का आयोजन किया, जिसमें सभी छात्र लाइव स्टॉक ट्रेडिंग में शामिल हुए। छात्रों ने एक आकर्षक सत्र के माध्यम से स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग की अवधारणाओं, करियर विकल्प के रूप में स्टॉक मार्केट की संभावनाओं के बारे में सीखा। कार्यशाला में वाणिज्य संकाय के छात्रों और शिक्षकों ने अच्छी संख्या में भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला की आयोजन सचिव डॉ. दोआ नकवी ने दिया।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत तीन दिवसीय प्रदर्शनी और ट्रेड फेयर का सफल समापन

लखनऊ। एमएसएमई–विकास कार्यालय (भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रदर्शनी और ट्रेड फेयर का आज समापन हो गया। यह आयोजन 10 से 12 सितंबर 2024 तक कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया था।इस कार्यक्रम में 25 जनपदों के पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों ने भाग लिया। ट्रेड फेयर में 65 स्टालों पर 130 पीएम विश्वकर्माओं ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर वी0के0 वर्मा, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई–विकास कार्यालय, कानपुर ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और किसी भी कठिनाई के लिए एमएसएमई–विकास कार्यालय से संपर्क करने की सलाह दी। कुँवर शशांक, प्रांतीय अध्यक्ष, दलित इंडियन चौम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, उत्तर प्रदेश ने विभिन्न जिलों से आए पीएम विश्वकर्मा कारीगरों का उत्साहवर्धन किया और उनके उत्पादों को सरकारी और बड़ी इकाइयों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी लेने का आश्वासन दिया।मुख्य अतिथि नीलिमा कटियार, माननीय विधायक, कल्याणपुर विधानसभा, कानपुर ने प्रदर्शनी में उपस्थित पीएम विश्वकर्मा कारीगरों के उत्पादों की सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री जी ने उनके हुनर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रशिक्षण, प्रोत्साहन और ऋण की सुविधाएं प्रदान की हैं। उन्होंने कारीगरों को इन सुविधाओं का पूर्ण लाभ उठाने और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कारीगरों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर एफ.एफ.डी.सी. कानपुर की सहायक निदेशक डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक प्रहलाद कुमार, ज्वैलरी एसोसिएशन, कानपुर के अध्यक्ष मुकुल वर्मा और एमएसएमई–विकास कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# पर्यटन मंत्री मैनपुरी तथा फिरोजाबाद में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 13 सितम्बर, 2024 के अपराह्न से मैनपुरी तथा फिरोजाबाद के भ्रमण पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री कल फिरोजाबाद में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के उपरान्त शनिवार को 09 बजे से अपराह्न 01 बजे तक मैनपुरी के ट्रांजिट हास्टल पीडब्लूडी पुलिस लाइन में जनता की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। अगले दिन रविवार 15 सितम्बर को पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराह्न 01 बजे तक कैम्प कार्यालय सिरसागंज फिरोजाबाद में आमजनता की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेगे और 16 सितम्बर सोमवार को दोपहर तक लखनऊ लौटने का कार्यक्रम है।

# खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री 73वें आल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव आज के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम में 73वें ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर प्रतियोगिता में बाक्सिंग के सेमीफाइनल बाउट के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का हाथ मिलाकर प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कमांडेंट सशस्त्र सीमाबल हरि प्रकाश शर्मा, महासचिव यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन प्रमोद कुमार एवं डिप्टी कमांडेंट सशस्त्र सीमाबल नीरज उपस्थित रहे।

# मुकुल सिंघल बने उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग के नए चेयरमैन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुकुल सिंघल को उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग का मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया है। इस पद पर सिंघल की नियुक्ति 5 वर्षों के लिए की गई है।

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने मुकुल सिंघल को बधाई देते हुए कहा कि वह एक कुशल प्रशासक हैं और उनके नेतृत्व में सहकारी निर्वाचन आयोग की व्यवस्था को और सुदृढ़ एवं मजबूत किया जाएगा। 1986 बैच के आईएएस अधिकारी मुकुल सिंघल ने कानपुर से बी–टेक की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने अपने करियर में कई जिलों के जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया और कुल 61 बार विभिन्न सरकारी पदों पर तैनात रहे। उनकी आखिरी पोस्टिंग राजस्व परिषद के अध्यक्ष के रूप में थी। सिंघल 2022 में सेवानिवृत्त हुए थे।

# उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग ने विभिन्न जनपदों की शिकायतों पर की सुनवाई, अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग द्वारा शुक्रवार को आयोग कार्यालय, इन्दिरा भवन लखनऊ में विभिन्न जनपदों से प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई की गई। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने मामलों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि भविष्य में सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा। शुरुआत में अमरजीत बनाम जिलाधिकारी, बहराइच के मामले की सुनवाई की गई, जिसमें अमरजीत ने जाति प्रमाण पत्र जारी न होने की शिकायत की थी। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी या संबंधित अधिकारी की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। हालांकि, प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि जाति प्रमाण पत्र अब जारी कर दिया गया है, जिसके बाद मामला निपट गया। दूसरे मामले में पटेल अवधेश निरंजन ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के कुलपति और कुलसचिव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रोफेसर को पदोन्नति और विभागाध्यक्ष पद पर नियुक्ति नहीं दी गई। कुलसचिव की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अध्यक्ष ने अगली सुनवाई में उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए। कंवरपाल सिंह बनाम प्रमुख सचिव गृह विभाग, उत्तर प्रदेश और पुलिस अधीक्षक, शामली के मामले में शिकायत थी कि पुलिस ने हत्या के एक मामले में शिकायतकर्ता के परिवार को झूठे तरीके से फंसा रखा है। पोलीग्राफी टेस्ट में परिवार के खिलाफ कोई रिपोर्ट न मिलने के बावजूद उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। इस पर आयोग ने गृह विभाग को निर्देश दिया कि मामले की जांच निकटवर्ती जनपद के किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराई जाए। डा. सत्येन्द्र सिंह की प्रोन्नति में देरी के मामले में आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए आईआईटी के निदेशक और ए.के.टी.यू. के कुलसचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। सरोज देवी, बाँदा की शिकायत पर, जिसमें दो साल से वरासत दर्ज नहीं की गई थी, जिलाधिकारी बाँदा ने सुनवाई के दौरान वरासत दर्ज कराने की पुष्टि की। नायब तहसीलदार बाँदा द्वारा इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिससे मामला सुलझ गया। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कई मामलों में संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान अधिकारियों की अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और भविष्य में ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए

# पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए द्वितीय चरण का कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक–युवतियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के द्वितीय चरण की शुरुआत की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत श्ओश् लेवल और ट्रिपल सीश् कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे पिछड़े वर्ग के युवाओं को डिजिटल युग में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि सरकार का यह प्रयास है कि पिछड़े वर्ग के युवाओं को तकनीकी कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार योग्य बनाया जाए। कम्प्यूटर प्रशिक्षण से यह युवक–युवतियां अपनी क्षमता को निखार सकेंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर होकर समाज में आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना और युवाओं को वैश्विक तकनीकी मानकों के अनुरूप तैयार करना है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण उन पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए है, जिन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की हो और जिनके माता–पिता की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक हो। आवेदक 10 अक्टूबर 2024 से 30 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या कम्प्यूटर प्रशिक्षण पोर्टल पर जाकर किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों की जिला स्तर पर जाँच और सत्यापन के बाद योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। यह प्रक्रिया 25 अक्टूबर से 14 नवंबर 2024 तक पूरी होगी। चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 15 नवंबर 2024 से शुरू होगा।

# नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने वाराणसी की सफाई, सीवर, जल निकासी, जलापूर्ति, मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने वाराणसी की सफाई व्यवस्था, सीवर, जल निकासी, जलापूर्ति, मार्ग प्रकाश आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के सखध्त निर्देश निकाय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों का समय है नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, छठपूजा के दौरान बनारस में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है, इस दृष्टि से युद्धस्तर पर लगकर बनारस शहर की व्यवस्थापन को सुदृढ़ करें। गंगा व अन्य नदी घाटों की सफाई सुनिश्चित कराए। मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखें। सड़कों गलियों में कहीं पर भी अंधेरा न हो। सड़कों को अति शीघ्र गड्ढा मुक्त करें। सफाई कार्यो में लापरवाही और शिथिलता न हो, डोर टू डोर कूड़ा उठान और कूड़े के प्रबंधन पर ध्यान दिया जाए। वार्ड वार और जोनवार इसकी मॉनिटरिंग की जाए। कहीं पर भी नाले नालियां चोक न हो, जिससे जलभराव हो। प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर भी कार्रवाई की जाए।नगर विकास मंत्री शुक्रवार को जल निगम के फील्ड हॉस्टल 'संगम' में वाराणसी के सफाई कार्यो, मार्ग प्रकाश, जलापूर्ति, सीवर व्यवस्था आदि कार्यों कि अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बनारस जैसे विश्व प्रसिद्ध शहर की साफ सफाई और सुंदरीकरण के कार्यों व अन्य नागरिक सुविधाओं के व्यवस्थापन में ढिलाई न बरती जाए। गंदगी कहीं पर भी न दिखे। वाराणसी नगर निगम के नवसृजित क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में गति लाई जाए। सफाई कार्यों में मनुष्य और मशीन का सही से प्रयोग किया जाए, जो भी मशीन खध्राब हो, उसको रिपेयर कराकर उपयोग में लाया जाए। उपकरणों व मशीनों की और जरूरत हो तो उसकी भी व्यवस्था करें। लेकिन बनारस में गंदगी से समझौता नहीं किया जाएगा।नगर विकास मंत्री ने बनारस में व्यापक स्तर पर स्ट्रीट लाइट के खराब होने, न जलने तथा मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त न होने पर नगर आयुक्त वाराणसी अक्षत वर्मा को निर्देशित किया की नवरात्रि पर्व के दौरान ही बनारस शहर की संपूर्ण स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करा ली जाए, कहीं पर भी अंधेरा न हो, मार्ग प्रकाश व्यवस्था अच्छी हो। बनारस में कुल 62 हजार स्ट्रीट लाइट में से एक चौथाई अर्थात 7100 लाइट खराब है। इसमें से ईएसएसईएल कम्पनी द्वारा लगाई गई 38,862 लाइटों में से 4400 लाइट खराब है। यह बेहद चिंताजनक स्थित है। उन्होंने वार्डवार सभी स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने के निर्देश दिए, जिससे कहीं पर भी अंधेरा न रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग या एजेंसी द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाई गई हो स्ट्रीट लाइट के रखरखाव की जिम्मेदारी अंततः नगर विकास विभाग की ही होती है, जो भी कंपनी या विभाग नगर विकास विभाग से अनुमति लिए बगैर निर्माण कार्य कराए,

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 05 अक्टूबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


## सी.एम.एस. के तीन छात्रों को भारत सरकार द्वारा चार-चार लाख रुपये की स्कॉलरशिप

लखनऊ, 4 अक्टूबर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों अक्षत द्विवेदी, प्रणाम गोयल एवं शौर्य जायसवाल को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार–चार लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च




स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष रु. 80,000ध– अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आई.एस.सी. (कक्षा–12) परीक्षा–2024 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है। इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु इन छात्रों को विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है। सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता एवं शिक्षकों के अलावा सी.एम.एस. के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. के इन होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य कामना की है। प्रो. किगडन ने सी.एम.एस. प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया जिनकी लगन व कठिन परिश्रम के बलबूते सी.एम.एस. छात्र नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

## नारी शक्ति मिशन अंतर्गत एक गोष्ठी आयोजित

नानपारा रूतहसील नानपारा अंतर्गत श्री कृपाराम जन जाग्रति हाईस्कूल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकरी योजना के बारे मे व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक करने के लिए रुपैडीहा थाना के उपनिरीक्षकमहिला उप निरीक्षक रोशनी सिंह व राहुल सिंह की अध्यक्षता में एक नारी शक्ति मिशन अंतर्गत एक गोष्ठी आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय की



समस्त बालिकाओं को नारी शक्ति मिशन के बारे में जानकारी दी गई और पम्पलेट्स वितरित किये गये व महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090 ,1098 ,1076, 112 ,181, 108.... व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930' की जानकारी दी गई तथा सरकारी योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना,मातृ वंदना योजना,वृद्धा पेंशन योजना,आयुष्मान प्रधानमंत्री, उज्जवला योजना व बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गई इस अवसर विद्यालय की महिला अध्यापक डा अंकिता मौर्य, सलमा,साहिना,व संचालन शिवा सोनी ने किया। इस अवसर पर पर मिशन शक्ति टीम उ.नि. राहुल सिंह म. उ.नि. रोशनी वर्माहे.का. देवेंद्र कुमार म.आ. नेहा सिंह सहित सभी अध्यापक व पुलिस कर्मी उपस्थित रहे

## साढ़े पांच करोड़ की लागत से किया जा रहा है तालाब का सौंदर्यीकरण

अयोध्या(आरएनएस)। प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या के वृहद कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त किया है। रामनगरी के कोने–कोने में तीव्र गति से सौंदर्यीकरण व विकास की विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। इसी क्रम में, बनवीरपुर से एक सुखद खबर सामने आ रही है। बनबीरपुर के तालाब का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। लगभग साढ़े पांच करोड़ की लागत से तैयार हो रहे तालाब के आस–पास काफी निर्माण भी कराया जा रहा है। इसके सौन्दर्यीकरण के कारण के बाद जो भी इसे देखेगा बेहद प्रसन्नता की अनुभूति होगी। यहां जॉगिंग ट्रैक से लेकर बच्चों के खेलने तक की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद प्रदेश सरकार ने धरातल पर तमाम प्रोजेक्ट उतार दिए हैं। मठ–मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य चल ही रहा था, साथ ही यहां प्राचीन कुण्डों व तलाब के भी जीर्णोद्धार की तमाम परियोजनाएं क्रियाशील हैं। इसी क्रम में एक प्रोजेक्ट बनवीरपुर के तालाब से भी संबंधित था। अमृत 2.0 नगर विकास विभाग की तरफ से 5.27 करोड रुपये स्वीकृत कर दिए गए। इसके बाद कार्यदायी संस्था के रूप में यहां नगर निगम ने कार्य शुरू कर दिया। बताया जाता है आधे से भी ज्यादा का काम हो चुका है। अब लोग इस तालाब के दीदार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। माना जा रहा है कि जिस तरह गंजा में एयरपोर्ट बनने के बाद जमीन की कीमतें बढ़ी हैं।

## भागवत भगवान का अक्षरावतार – डॉ. स्वामी राघवाचार्य महाराज

अयोध्या(आरएनएस)। रामनगरी के नयाघाट स्थित श्रीरामकथा पार्क में तीन कलश तिवारी मंदिर के तत्वाधान में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में द्वितीय दिवस कथाव्यास जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉ. स्वामी राघवाचार्य महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत भगवान कृष्ण के साक्षात विग्रह रूप में विराजमान है। जगत सत्य है जगत को लोग झूठ कहते–कहते थक गए। लेकिन जगत सत्य ही है। विभिन्न विद्वानों ने वेदांत की अलग–अलग व्याख्या किया है। वेदांत की व्याख्या क्या है। तो सभी ने कहा कि श्रीमद् भागवत वेदांत की व्याख्या है। सबको प्रेरणा देने वाले भगवान कृष्ण है। कथा का विस्तार करते हुए कथाव्यास ने कहा कि भागवत भगवान का अक्षरावतार है। वक्ता का चरित्र स्वच्छ और श्रोता को भगवान के प्रति समर्पित होना चाहिए। वक्ता प्रेरणा का पुंज है। भगवान जीव का उद्धार करते हैं। आप सभी पर ठाकुर जी की कृपा है, जिसकी वजह से आप सब अवध धाम में कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं।

## प्रशासन के तुगलकी फरमान से कांग्रेसियों में आक्रोश, डीएम से मिलकर सौंपा ज्ञापन

### दुकान बंद कराने से नहीं पुलिस की सतर्कता से थमेगा अपराध अभिषेक सिंह राणा

सुल्तानपुर(आरएनएस)। जिला प्रशासन द्वारा शहर में लागू किये गये तुगलकी फरमान को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता अपर जिलाधिकारी प्रशासन से मुलाकात कर तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा और मांग की कि पुलिस प्रशासन द्वारा शहर में लागू किये गये तुगलकी फरमान को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। आपको बताते चले कि पुलिस प्रशासन द्वारा शारदीय नवरात्र के पूर्व कानून व्यवस्था के नाम पर रात्रि 9 बजे तक व्यापारिक प्रतिष्ठान, रेहडी, पटरी, गुमटी व सड़क के किनारे लगने वाली दुकानों को समय के पूर्व ही बंद करा दिया जा रहा है जिससे आम दुकानदारों को अपने परिवार का पालन पोषण करने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत दर्जनों की संख्या में कांग्रेस नेता व पदाधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए, जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ल से मुलाकात कर पुलिस द्वारा अपराध के नाम पर शहर में लागू किए गए लॉक डाउन को तत्काल प्रभाव से खत्म करने की मांग करते हुए तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शहर सुल्तानपुर की कानून व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन को सख्त कराया जाए। शहर में असमय बंद कराई जा रही दुकानों पर प्रतिबंध लगाया जाए। शहर सुल्तानपुर में रेहडी पटरी गुमटी दुकानदारों का पुलिस द्वारा जो उत्पीड़न किया जा रहा है उसे तत्काल रोका जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि पिछले तीन–चार दिनों से जिला प्रशासन द्वारा शहर मे रेहड़ी पटरी ठेले पर लगने वाली दुकान तथा छोटे व्यापारियों की दुकानों को पुलिस प्रशासन द्वारा जबरन बंद कराया जा रहा है जिलाधिकारी ऐसे बेतुके फरमान को संज्ञान में लेते हुए तत्काल खत्म करें, जिससे छोटे व्यापारियों को अपने परिवार का पालन पोषण करने में कोई समस्या न उत्पन्न हो। वहीं उन्होंने कहा कि शहर में छोटे व्यापारियों की दुकानों को बंद कराने से अपराध पर अंकुश नहीं लगता, पुलिस की सजकता व सतर्कता और एलआईयू जैसे खुफिया विभाग से अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। ऐसे में रेहडी पटरी पर लगने वाली दुकानों को बंद करना पूरी तरह से गलत है। वहीं उन्होंने कहा कि आज के समय अपराधियों में पुलिस प्रशासन का कोई खौफ नहीं रह गया अपराधी दिन प्रतिदिन एक से बढ़कर एक बड़ी वारदात को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस प्रशासन इसे रोक पाने असफल है पुलिस सिर्फ छोटे व्यापारियों के ऊपर रौब झाड़कर असमय दुकान बंद करा रही है यह पूरी तरह से गलत है। वहीं उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 3 कार्य दिवस के अंदर में अगर ऐसे फरमान को नहीं खत्म किया गया तो हम कांग्रेस जन व्यापारी व छोटे दुकानदारों के समर्थन में सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि आज बेहिसाब महंगाई व बेरोजगारी से लोग वैसे ही त्रस्त हैं सीमित आमदनी में कड़ी मेहनत करके गरीब आदमी जीवन यापन कर रहा है, छोटे व्यापारी अपनी दुकान ज्यादा देर तक खोलकर अपने परिवार का किसी तरह भरण पोषण कर रहे हैं लेकिन पुलिस प्रशासन को यह मंजूर नहीं है और उन्हें दुर्दिन में रहने के लिए विवश किया जा रहा है जिला प्रशासन को इस पर अंकुश लगाना चाहिए अन्यथा इसे लेकर सुल्तानपुर में एक बड़ा जन आंदोलन होगा।

## मिल्कीपुर तहसील में विश्रामालय परिसर इंटरलाकिंग कार्य का सांसद ने किया शिलान्यास

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस)। मिल्कीपुर तहसील परिसर में सांसद अवधेश प्रसाद ने 22 लाख रुपए की लागत के विश्रामालय एवं इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास किया। सांसद अवधेश प्रसाद ने इसके साथ ही साथ तहसील परिसर में प्रेस क्लब और सार्वजनिक शौचालय का भी निर्माण कराए जाने के क्रम में जल्द ही उसका भी शिलान्यास किए जाने की घोषणा की है। अधिवक्ता सभागार के ठीक सामने विश्रामालय सहित इंटरलॉकिंग कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि हमारा सपना है कि मिल्कीपुर और अयोध्या को विकास के नाम पर आपसदारी, भाईचारा के नाम पर देश के नक्शे में चमकता हुआ देखा जाए। इस दौरान उन्होंने मिल्कीपुर में समाजवादी पार्टी की सरकार मे किए गए विकास कार्यों को भी एक एक कर गिनाया। उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेराजगारी, और भष्टाचार चरम है। आज किसान छुट्टा मवेशियों से परेशान है। सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही हैं। छुट्टा मवेशियों के हमले से सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। लेकिन सरकार ने पीड़ित परिवार को कोई मुआवजा नहीं दिया। मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर सांसद ने कहा कि चुनाव में समाजवादी पार्टी की बड़ी जीत होगी। भारतीय पार्टी के नेता बौखलाए हुए। मुख्यमंत्री जी जितनी बार मिल्कीपुर आते है, उतनी बार भाजपा का पांच हजार वोट घट जाता हैं। मिल्कीपुर की महान जनता उपचुनाव में भाजपा को आईना दिखाने का काम करेगी और समाजवादी पार्टी की बड़ी जीत होगी। कार्यक्रम को सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष राम जी पाल, बार एसोसिएशन मिल्कीपुर के अध्यक्ष दिनेश कांत सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में समाजवादी अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष शिवशंकर यादव, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन मिल्कीपुर पवन शुक्ला, गंगा प्रसाद दुबे, शंभूनाथ तिवारी, अमरजीत सिंह, अंसार अहमद, खुशीराम पांडेय, शिव पूजन पांडेय, सुनील शुक्ला व जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व वादकारी मौजूद रहे।

## मोदी–योगी सरकार में उत्तर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर – केशव प्रसाद मौर्य

### -कहा–माफियाओं के सरदार हैं अखिलेश यादव

मिल्कीपुर–(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी ने अमानीगंज के रायपट्टी स्थित श्री गृहनाग देव संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अमृतकाल में सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अखिलेश यादव की जब सरकार थी तो प्रदेश में विकास में बाधा डालते रहे जब से मोदी योगी की सरकार बनी तब से उतर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है, सभी घरों में बिजली व गैस की व्यवस्था की है सरकार आपके द्वार पर आई है,आपको अपनी समस्या लेकर लखनऊ आने की जरूरत नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाना है। महिला सशक्तिकरण गरीबों का उत्थान किसानो को सम्मान निधि मिल रही है। प्रधानमंत्री हमेशा गरीबों के हित के बारे में सोचते हैं। मैं अधिकारियों को बताना चाहता हूं कि यदि कोई भी गड़बड़ी किसानों के साथ की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश में 5 करोड़ आवास अब तक दे चुके हैं। और अभी 3 करोड़ और गरीबों को आवास मिलेगा प्रधानमंत्री बनते ही फाइल पर पहली दस्तक गरीबों के आवास के लिए प्रधानमंत्री ने की है। और इस समय पूरे जनपद के अंदर आवास की सूची बन रही है, खुली बैठक करके लाभार्थियों का चयन करें जो पात्र हो उनका आवास मिलेगा। जब गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना तो गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध हुई देश में अब तक 80 करोड़ लोग इस सुविधा से लाभान्वित हुए हैं। गरीब कल्याण योजना के तहत पत्रों को फ्री राशन मिल रहा है। जिनकी उम्र 70 साल के उपर है उनके लिए भी फ्री इलाज की सुविधा प्रधानमंत्री जी ने की, उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का मतलब बर्बादी गुंडागर्दी जमीन पर कब्जा करना है, शराब माफिया,बालू माफिया ,नकल माफिया,जमीन माफिया सबके सरदार अखिलेश यादव हैं। प्रदेश में यदि कोई भी अपराधी होगा अखिलेश यादव उसे नहीं बचा पाएंगे कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में हुई अयोध्या में भाजपा के हर को लेकर कहा कि अयोध्या पराजय का कष्ट सबको हैं और सबसे ज्यादा अयोध्या वासियों को हैं उप चुनाव में टिकट किसी को मिले आप लोग फूल जरूर खिलाना विधायक भाजपा का ही होगा ।विकास का मतलब भाजपा हैं सपा बसपा की चले तो गरीबों का खून चूस ले, प्रदेश में जब सपा की सरकार थी तो दंगा राज,गुण्डा राज कायम था।आप लोग मिल्कीपुर में कमल खिलाओगे तो सरकार भी मिल्कीपुर को कमल की तरह खिला देगी, अखिलेश यादव मुंगेली लाल के हसीन सपने देख रहे हैं उनको मैं बताना चाहता हूं की योगी जी के नेतृत्व में 2027 में भी भाजपा की सरकार बनेगी। आप सभी को प्रत्याशी नहीं कमल का फूल देखना हैं। मोदी सरकार की कैबिनेट ने बड़ा फैसला किया है एक देश एक कानून देश के पहले कानून मंत्री बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी थे और मोदी सरकार में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल जी है जो की अनूसूचित समाज से आते हैं।जय श्री राम के उद्घोष के साथ भाषण समाप्त किया। विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री समाज कल्याण असीम अरूण ने सम्बोधित करते हुए कहा की अमृत काल का मतलब जब हम अपने देश को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा कर देंगे यही प्रधानमंत्री जी का सपना है सरकार में जो भी पद खाली थे सभी पद भरे जा रहे हैं, निजी क्षेत्र में नई फैक्ट्री लग रही है लोगों को रोजगार मिल रहा है आप लोगों से निवेदन है की आप लोग अपना स्टार्टटप शुरु करें बाबा साहब का सपना था सभी लोग शिक्षित हो, जल्दी ही उप चुनाव की घोषणा होगी आप लोग इस चुनाव में अपना आशीर्वाद दीजिए। पिछले चुनाव में सपा कांग्रेस ने संविधान को लेकर भ्रम फैलाया गया। राहुल गांधी ने अमेरिका में जाकर कहा की आरक्षण को हटायेंगे , अपराधी पर कार्यवाही से ये लोग खिसियाये है अयोध्या में रेप के आरोपी पर जो कार्यवाही हुई उसे पूरे देश ने देखा ।

## भूखे जरूरतमंदों फ्री भोजन उपलब्ध कराना महान और पुनीत कार्य– सरदार बलदेव सिंह

सुल्तानपुर(आरएनएस)स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयध जिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन परिसर में इलाज करा रहे मरीजों और उनकी देखभाल कर रहे तीमारदारों, यात्रियों तथा जरूरतमंदों को शुद्ध पौष्टिक गरम ताजा मुफ्त भोजन संघ द्वारा उपलब्ध कराया गया। ताजा भोजन पाकर जरूरतमंदो में खुशी से चेहरे खिल उठे। दोनो जगहों पर कुल 406 जरूरतमंदो ने अपनी भूख मिटाई।

राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निजाम खान बताया कि जन सहयोग के माध्यम से भोजन की व्यवस्था की जा रही है।जिससे शुद्ध और पौष्टिक भोजन के अभाव में भूखे जरूरतमंदों को इधर – उधर भटकना ना पड़े। सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को एक दिवस राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्त्वाधान में निःस्वार्थ सेवाभाव से निःशुल्क भोजन वितरण कार्य का सिलसिला वर्षो से लगातार जारी है। इसी क्रम में देर शाम गुरुवार को सुल्तानपुर मेडिकल कालेज में खुशियों की थाली मुफ्त गरम ताजा खाना बाटने का कार्यक्रम सगठन के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में लायंस क्लब के सस्थापक अध्यक्ष ,जिला सुरक्षा सगठन के संयोजक विभिन्न संगठनों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जिले के समाजसेवी सरदार बलदेव सिंह' ने मुफ्त भोजन की थाली जरूरतमंदों को देकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा भूखे जरूरतमंदों के लिए फ्री भोजन उपलब्ध कराना सबसे महान और पुनीत कार्य है। भोजन की गुणवत्ता वास्तव में बहुत अच्छी है। दाल सब्जी ,रोटी और चावल अच्छी किस्म का है। वर्षो से भोजन बाटने का कार्य चल रहा है जिससे मरीज और तीमारदारों के अलावा भी शहर के अन्य जरूरत मंद जिनको यह पता है कि बृहस्पतिवार को निःशुल्क भोजन मिलता है वे भी भरपूर और भरपेट भोजन का लाभ ले रहे है।सगठन के समस्त टीम धन्यवाद के पात्र है और मेरी तरफ से सभी को बहुत– बहुत शुभकामनाए। ईश्वर से कामना है कि सगठन के सभी कार्यकर्ता ऐसे ही श्रद्धा और निष्ठा से नित भोजन वितरण का कार्य संचालित करते रहे।आज मुझे भी इस कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला मैं अभिभूत हूं।

## सड़क की पटरी पर गड्ढे विद्यमान महज हो रही रस्म अदायगी

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस)। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से मजदूरों के हकों पर दिनदहाड़े डाका डाला जा रहा है। मिल्कीपुर क्षेत्र स्थित पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर पटरी सफाई एवं मरम्मत का कार्य कराए जाने में अब विभागीय अधिकारियों ने मजदूरों को दरकिनार कर जेसीबी मशीन का सहारा ले लिया है। जिसके चलते अब पटरी मरम्मत का काम जेसीबी मशीन दिनदहाड़े कर रही हैं। बताते चलें कि लोक निर्माण विभाग अयोध्या की ओर से मिल्कीपुर क्षेत्र में तमाम सड़कें बनवाई गई हैं। जिनकी पटरियों पर बड़ी–बड़ी झाड़ियां उगी है तथा बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं। उक्त पटरी मरम्मत एवं साफ सफाई का काम मजदूरों से कराए जाने की व्यवस्था सरकार की ओर से अनुमन्य है। किंतु मजदूर से पटरी मरम्मत का काम न करते हुए उनकी जगह पर जेसीबी मशीन लगा दी गई है। जिसके तहत हैरिंगटनगंज से मिल्कीपुर राजमार्ग के दोनों पटरी पर जेसीबी मशीन लगाकर सफाई एवं मरम्मत काम किया गया। यही नहीं सड़क के किनारे स्थित वन विभाग के दर्जनों पेड़ों को जेसीबी मशीन से उखाड़ कर फेंक भी दिया गया। जिसकी शिकायत वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी सहित वन कर्मियों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की। किंतु वन विभाग के अधिकारियों की भी शिकायतें ढाक के तीन पात रही। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को कुमारगंज से गोकुल संपर्क मार्ग पर लोक निर्माण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा जेसीबी मशीन लगा दी गई और उसे सड़क के किनारे भी स्थित वन विभाग के दर्जनों पेड़ों को उखाड़ कर फेंक दिया गया तथा पटरी मरम्मत के नाम पर खुला खेल फर्रुखाबादी खेला गया और गड्ढे ज्यों के त्यों पड़े रह गए। यह तो बात दूर की राही सड़क पर टूटी पुलिया के मरम्मत का काम भी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें पीली ईट का प्रयोग किया जा रहा है। वनकर्मियों ने पेड़ उखाड़ कर फेंक दिए जाने की शिकायत क्षेत्रीय वन अधिकारी से फिर की। जहां मशीन तो वन क्षेत्राधिकारी कुमारगंज प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा बंद कर दी गई, किंतु अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग का चहेता ठेकेदार अपनी हठधर्मिता पर उतारू रहा।

## वादा याद दिलाने के लिए ग्राम रोजगार सेवको ने भरी हुंकार

–बाइक रैली निकालकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा मुख्यमंत्री को सम्बोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन

अयोध्या(आरएनएस)। प्रान्तीय नेतृत्व के आवाहन पर ग्राम रोजगार सेवक सेवक संघ के सैकड़ों ग्राम रोजगार सेवकों ने जिलाध्यक्ष अमरदीप गौड़ के नेतृत्व में में सदर तहसील तिकोनिया पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय तक बाइक रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिलाध्यक्ष अमरदीप गौड़ ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने 4 अक्टूबर 21 को लखनऊ स्थित एक्सपो मैदान मे ग्राम रोजगार सेवकों व अन्य मनरेगा कर्मियो का विशाल सम्मेलन किया था जिसमे उन्होंने कई घोषणाओं को किया था लेकिन अभी तक उन घोषणाओं को पूरा नहीं किया गया है। उन्ही को पूरा कराने के लिए जनपद के सभी ग्राम रोजगार सेवको ने मुख्यमंत्री वादा याद दिलावो रैली के माध्यम से सरकार का ध्यानाकर्षण किया। प्रदेश कोषाध्यक्ष रामू निषाद ने बताया कि यदि हमारी मांगो पर जल्द विचार नहीं किया गया तो पूरे प्रदेश के ग्राम रोजगार सेवक मा.मुख्यमंत्री के आवास की तरफ कूच करेंगे। कार्यक्रम में महामंत्री सोनू आजाद, जिला कोषाध्यक्ष अभयत्यागी, मीडिया प्रभारी महेशचतुवेदी, अजहरुद्दीन,ऋषि पाण्डेय,बब्लूप्रसाद,सुशील बर्मा,बीरेन्द्र,रामसूरत,दुर्गा प्रसाद,आदित्य पाण्डेय,शिखर , पवन कुमार,अनीता, संजय, राजन शुक्ला विजय निषाद ,बृजेश, ओमप्रकाश,सुशील पाण्डेय, समता भारती,ममता, उमा, श्यामपती, पूजा, मुकेश कुमार, विपिन, सुनील कुमार आदि सैकड़ों रोजगार सेवक मौजूद थे।

## आजमगढ़ के सपा सांसद का सोहावल टोल पर किया गया भव्य स्वागत

सोहावल– अयोध्या(आरएनएस)। समाजवादी लोग एक सजक प्रहरी के रूप में कर रहे हैं बाबा साहेब के संविधान की सुरक्षा, उक्त उद्गार आजमगढ़ से समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने आज लखनऊ से खलीलाबाद जाते हुए सोहावल स्थित टोल प्लाजा पर बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में व्यक्त की, धर्मेंद्र यादव ने कहा कि वर्तमान देश और प्रदेश की सरकार लगातार बाबा साहब के संविधान को कमजोर करने के साजिश कर रही है। आरक्षण पर लगातार हमला हो रहा है, हम समाजवादी लोग सदन से लेकर सड़क तक बाबा साहेब के संविधान की सुरक्षा के लिए मुस्तादी से संघर्ष कर रहे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की जीत से देश और प्रदेश की राजनीति में सपा का कद बढा है, अयोध्या की महान जनता ने लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी को जिताकर पूरे देश में भाईचारा, प्रेम एवं धर्म निरपेक्षता का ऐसा संदेश दिया है कि भाजपा कहीं मुंह दिखाने के लायक नहीं रह गई है, 2027 में समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।उत्तर प्रदेश में होने वाले उप चुनाव में समाजवादी पार्टी सभी सीटें जीतने जा रजी है, किसी उप चुनाव में ऐसा पहली बार हुआ है जब मुख्यमंत्री स्वयं किसी एक विधानसभा के प्रभारी बनकर काम कर रहे हैं। मतदाता सूची में गड़बड़ी से लेकर प्रधान और कोटेदारों पर दबाव बनाया जा रहा है। जाति देखकर सरकारी कर्मचारियों का ट्रांसफर किया जा रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है, डबल इंजन का नारा देने वाले केंद्र और प्रदेश के आपसी टकराव में जनता पिस रही है। पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह और भारी भीड़ देखकर गदगद दिखे धर्मेंद्र यादव ने उप चुनाव में सभी को लग जाने का दिया निर्देश।इस मौके पर प्रमुख रूप से मौजूद विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि देश के इतिहास में वर्तमान सरकार से ज्यादा किसी ने शिक्षकों का शोषण नहीं किया है। उक्त अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव उर्फ राजू, बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर, सपा जिला उपाध्यक्ष एवं बीकापुर विधानसभा प्रभारी एजाज अहमद, प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार पटेल, विधानसभा अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा, खिरोनी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर राम सुमेर भारती, यूवजन सभा की जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राशिद जमील, महिला सपा नेत्री रोली यादव, सोहावल ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव, मसौधा ब्लॉक अध्यक्ष सूरज निषाद, सभासद प्रतिनिधि इबरार खान, सभासद शफीक अहमद, अजय रावत, शुभम यादव, दानिश खान डीके, अशोक चौधरी, पूर्व प्रधान नरेंद्र यादव, अवधेश गोस्वामी, शरद पासवान, श्री प्रकाश वर्मा, जगजीवन पटेल, शोएब खान, आमिल खान चुन्नी, बुधराम यादव, रामानंद निषाद, मुकीम अहमद, सलीम खान, अयान खान, अहसात खान, आमिर खान, प्रधान राजकुमार यादव, प्रधान मनोज यादव, आलिम खान, सतनारायण यादव, अंबुज निधि कनौजिया, सोनू वर्मा, दुर्गेश सोनी, मनोज यादव, जितेंद्र रावत, जंगजीत रावत, बाबुल सिंह, अनंत राम यादव, पूरन यादव, मंगलसी प्रधान फूलचंद यादव, खालिद खान, विपुल वर्मा, शुभम वर्मा, संतोष शर्मा, चंद्र प्रकाश यादव, अनुभव रावत, पप्पू यादव, नईम खान बादशाह खान, नफीस खान, निजाम खान सुनील कुमार, अमरेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 05 अक्टूबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


# संपादकीय

## भविष्य के लिए संधि को मंजूरी

गैर–बराबरी और गरीबी का संबंध आर्थिक नीतियों से है, जिनमें परिवर्तन संयुक्त राष्ट्र के दायरे से बाहर है। इसीलिए ये संधि व्यावहारिक रूप से कोई फर्क डाल पाएगी, इसकी उम्मीद नहीं जगी है। बहरहाल, सदिच्छाओं का भी अपना महत्त्व होता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के लिए संधिय को मंजूरी मिल गई है। 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए इस संधि में दुनिया को एकजुट करने की बात कही गई है। इस तरह संयुक्त राष्ट्र ने विश्व हित की अपनी इच्छा जताई है। लेकिन विडंबना यह है कि आज दुनिया एकजुट होने के बजाय बंटती नजर आ रही है। जिस तरह का टकराव और कड़वाहट है, वैसा दूसरे विश्व युद्ध के बाद शायद ही कभी दिखा हो।

फिर भी, कहा जा सकता है कि प्रतिकूल स्थितियों में भी आशा और प्रयास को तिलांजलि नहीं दी जानी चाहिए। इस लिहाज से संयुक्त राष्ट्र की ताजा पहल प्रशंसनीय है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेश ने 193 सदस्यों वाली महासभा को इस संधि को मंजूर करने के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि इस संधि से जलवायु परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, गैर–बराबरी और गरीबी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए देशों के एकजुट होने का रास्ता खुला है, जिससे दुनिया के आठ अरब लोगों का जीवन बेहतर बनाया जा सकता है।

रविवार को शुरू हुए दो दिवसीय भविष्य के शिखर सम्मेलनय के दौरान 42 पेज की संधि को अपनाया गया। संधि को अपनाने को लेकर महासभा की बैठक की शुरुआत तक संशय बना हुआ था। स्थिति इतनी अनिश्चित थी कि महासचिव गुटेरेश ने तीन अलग–अलग भाषण तैयार किए थे– एक पारित हो जाने के लिए, एक नामंजूर हो जाने की स्थिति के लिए, और एक उस स्थिति के लिए जब परिणाम स्पष्ट न हो। अंततरू उन्होंने अपना पहला भाषण दिया। यहां तक सब ठीक है। लेकिन मुद्दा है कि जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं की वजह उपभोग बढ़ाने पर आधारित अर्थव्यवस्था है, जिस पर समझौता करने के कोई देश तैयार नहीं है। ना ही समस्या से निपटने के लिए गरीब देशों को वित्तीय मदद देने का अपना वादा धनी देशों ने निभाया है। इसी तरह गैर–बराबरी और गरीबी का संबंध आर्थिक नीतियों से है, जिनमें परिवर्तन संयुक्त राष्ट्र के दायरे से बाहर है। इसीलिए ये संधि व्यावहारिक रूप से कोई फर्क डाल पाएगी, इसकी उम्मीद नहीं जगी है। बहरहाल, सदिच्छाओं का भी अपना महत्त्व होता है।

## योगी जी का नया फरमान

योगी जी ने पिछले दिन फिर आदेश निकाला है कि खान–पान वाले अपने मालिक और मैनेजर का नाम लिखेंगे । सभी कर्मचारियों के नाम भी घोषित होना चाहिए ? खाना बनाने वाले मास्क और दस्ताना पहनें । कुछ समय पहले कांवड़ के समय में योगी जी ने आदेश निकाला था कि सभी खाद्य पदार्थ बेचने वाले, यहॉ तक कि ढेले वाले भी नाम घोषित करेंगे । योगी जी का आरोप था कि बहुत से मुसलमान अपनी दुकान का नाम हिन्दू देवी देवताओं के नाम पर रख लेते हैं और इससे हिन्दू कांवडिघ्ए मुसलमान की दुकान का खाना खा लेते हैं । अब हिन्दू धर्मशास्त्र के जानकारों का कहना है कि यह कहीं नहीं लिखा है कि दूसरे धर्म वाले का दिया खाना खाने से कोई पथ भ्रष्ट हो जाता है । तब तो केवल ब्राह्मण के हाथ का बना खाना ही खाना चाहिए । सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी । स्वच्छता अच्छी चीज है, परन्तु इसे जाति या धर्म से जोडना ठीक नहीं है । कहते हैं वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के भगवान के कपड़े मुस्लिम महिलाएं सिलती हैं । अलमें भाजपा के कुछ लोग देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहते हैं । अब भाजपा वाले कहते हैं कि कांग्रेस के कारण देश का विभाजन हुआ । अब कुछ मुसलमानों के साथ तो हम नहीं रह सकते, फिर देश का विभाजन नहीं होता तो क्या दोनों सम्प्रदाय के लोग शांति से रह सकते थे । वीर सावरकर ने भी लिखा है कि हिन्दू राष्ट्र में मुसलमानों के लिए कोई जगह नहीं हैं । असलियत यह है कि हिन्दू महासभा ने बंगाल और सिंध में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर प्रांतीय सरकार बनाई थी । असल में योगी जी साधु संत भी बना रहना भी चाहते हैं तो राजनीति भी करना चाहते हैं । देश की बहुत प्रतिष्ठित संस्था गोरखनाथ पीठ के वे अधि ाष्ठाता हैं । परन्तु साधु होने के कारण वे अपने पिता की मौत के बाद दाह संस्कार में शामिल नहीं हुए । अब यह दोहरी नीति कैसे चल सकती है । योगी जी दूसरी बार के मुख्यमंत्री हैं । अभी जो आदेश निकाला है वह पहले क्यों नहीं निकाला । असल में उत्तर प्रदेश में दस सीटों पर उप चुनाव होने हैं ।

हिन्दी वोट साधने के लिए यह नया आदेश आया है, विपक्ष ऐसा आरोप लगाता है । यह भी कहा जाता है कि वे देश के प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं । यद्यपि मोदी जी के बाद अमित शाह का ही नम्बर है । विपक्ष का यह भी आरोप है कि योगी जी और अमित शाह के बीच सम्बन्ध मधुर नहीं है । अभी कश्मीर में चुनावी भाषण देते हुए अमित शाह ने घोषणा की कि वे ईद और मोहर्रम पर फ्री गैस सिलेण्डर देंगे । असल में जम्मू कश्मीर में यदि भाजपा अपनी सरकार बनना चाहती है तो उसे कश्मीर को साधना पड़ेगा और कश्मीर में बहु संख्यक हिन्दू नहीं, मुसलमान है ।

# हरियाणा में पिछड़ रही भाजपा मतदान से ठीक पहले मुश्किल स्थिति से कैसे उबर गयी ?

इसमें कोई दो राय नहीं कि खट्टर से छुटकारा पाकर भाजपा ने हरियाणा में खुद को मुश्किल स्थिति से उबारने में सफलता पाई है। ऐसा लगता है कि यदि भाजपा ने मार्च में खट्टर को हटाने का फैसला नहीं लिया होता तो आज वह चुनावी मुकाबले से पूरी तरह बाहर हो चुकी होती।हरियाणा में लगभग सवा नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ उपजी नाराजगी को भांप कर भाजपा नेतृत्व ने इस साल मार्च में उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था। खट्टर को लोकसभा चुनाव लड़वा कर और केंद्रीय मंत्री पद सौंप कर दिल्ली की राजनीति में स्थापित करने का प्रयास किया गया लेकिन खट्टर का मन हरियाणा में लगा रहा। भाजपा नेतृत्व को जब यह लगा कि खट्टर का नाम नुकसान पहुँचा रहा है तो पूरे चुनाव प्रचार अभियान से खट्टर का नाम और उनकी तस्वीर गायब कर दी गयी। हमने पाया कि भाजपा की हर चुनावी रैली अथवा जनसभाओं के दौरान मंच पर या उसके आसपास लगने वाले पोस्टरों, बैनरों और होर्डिंगों में खट्टर का नाम और तस्वीर नहीं थी। यही नहीं हरियाणा सरकार की जिन उपलब्धियों के सहारे भाजपा ने चुनाव लड़ा उसमें भी खट्टर की तस्वीर नहीं लगायी गयी। भाजपा ने साधारण लोगों की तस्वीरों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार सामग्री में किया। जैसे युवाओं की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि बिना खर्ची पर्ची नौकरी दी गयी। किसानों की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि 24 फसलों का एमएसपी दे रही हरियाणा सरकार, महिलाओं की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि तमाम योजनाओं का लाभ दे रही भाजपा सरकार। इसी प्रकार अन्य उपलब्धियों का बखान करते हुए भी प्रचार सामग्री तैयार करवायी गयी जिसमें आम लोगों की तस्वीरें प्रकाशित की गयी थी। इसमें कोई दो राय नहीं कि खट्टर से छुटकारा पाकर भाजपा ने हरियाणा में खुद को मुश्किल स्थिति से उबारने में सफलता पाई है। ऐसा लगता है कि यदि भाजपा ने मार्च में खट्टर को हटाने का फैसला नहीं लिया होता तो आज वह चुनावी मुकाबले से पूरी तरह बाहर हो चुकी होती। खट्टर से व्यक्तिगत रूप से लोगों की नाराजगी भाजपा को चुनावों में उसी तरह नुकसान पहुँचा सकती थी जैसे कि राजस्थान विधानसभा के 2018 के चुनावों में देखने को मिला था जब नारे लग रहे थे कि मोदी तुझसे बैर नहीं, वसुंधरा तेरी खैर नहीं। हमसे बातचीत में भाजपा के भी कई समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने माना कि यदि खट्टर को हटाने का फैसला एक साल पहले लिया गया होता तो लोकसभा चुनावों में भी हम सारी सीटें जीत सकते थे। इसके अलावा, 15 दिनों पहले जब हमने हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार की कवरेज की शुरुआत की थी उस समय सब जगह कांग्रेस की हवा ही दिख रही थी लेकिन एक एक दिन बीतने के साथ यह हवा हमें धीमी पड़ती दिखी और अब जब चुनाव प्रचार खत्म हो चुका है तो कहा जा सकता है कि हवा किसी एक के पक्ष में नहीं है बल्कि कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है। हरियाणा चुनाव के दौरान मुझे दिल्ली नगर निगम का पिछला चुनाव इसलिए याद आ गया क्योंकि उसमें भाजपा का सूपड़ा साफ होने की भविष्यवाणी की गई थी लेकिन जब परिणाम आये तो पार्टी नजदीकी मुकाबले में आम आदमी पार्टी से सिर्फ कुछ सीटों से पिछड़ गई थी। हरियाणा चुनावों में भी जमीनी स्थिति कुछ ऐसी ही दिखी। ऐसा लगता है कि भाजपा को जब इस बात का अहसास हुआ कि वह चुनाव में कांग्रेस से बहुत ज्यादा पीछे नहीं है तो उसने पिछले 10 दिनों में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार जनसभाएं कराई गयीं और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम मुख्यमंत्रियों को चुनाव प्रचार में उतार दिया गया। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने 70 से ज्यादा रैलियां और जनसभाएं कीं। जवाब में भाजपा ने 150 सभाएं और रैलियां कर माहौल को पूरी तरह बदल दिया।



हरियाणा में कांग्रेस ने जमीन तक इस बात को पहुँचाने में सफलता हासिल कर ली थी कि श्कांग्रेस आ रही है, भाजपा जा रही हैश। भाजपा ने इस हवा की चाल को धीमा करने के लिए परिवारवाद को मुद्दा बनाया और भूपिंदर सिंह हुड्डा के पिछले शासन की याद दिलाई जिससे माहौल बदलने लगा। भाजपा ने जनता के बीच इस धारणा को मजबूत किया कि अगर कांग्रेस आई तो निश्चित रूप से हुड्डा को कमान सौंपी जाएगी। कांग्रेस नेतृत्व ने भी बार–बार हुड्डा को ही कमान सौंपने के संकेत दिये जिससे फायदा होने की बजाय नुकसान होता दिखा क्योंकि हुड्डा को अपने पिछले कार्यकाल में सिर्फ रोहतक का सीएम माना जाता था और उन पर अपने आलाकमान को खुश रखने के लिए प्रदेश के संसाधनों का दुरुपयोग करने के आरोप भी हैं। कई क्षेत्रों के लोगों का मानना है कि हुड्डा ने सिर्फ रोहतक में काम किया जिससे वहां की जमीनों के रेट ज्यादा हैं और उनके इलाके की जमीनों का रेट बहुत कम है। इसके अलावा भाजपा ने जिस एकजुटता और रणनीति के साथ हरियाणा में काम किया उससे पार्टी मुकाबले में तेजी से वापसी करती दिखी। रैलियों, सभाओं और डोर टू डोर हुए प्रचार के बाद मिल रहे फीडबैक से भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा और इस उत्साह को और बढ़ाने के लिए पार्टी ने कोई कसर नहीं छोड़ी इसलिए 3 अक्टूबर शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थमने तक भाजपा के प्रदेश के बड़े नेता, दूसरे राज्यों के मंत्री और मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री जनता के बीच लगातार पहुंचकर भाजपा की सरकार तीसरी बार बनाने की अपील करते दिखे। भाजपा की रैलियों पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले लगभग एक महीने में प्रमुख नेताओं की 150 से अधिक जनसभाएं हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने रैलियों और रोड शो के माध्यम से अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कांग्रेस को अनेक मुद्दों पर सफलतापूर्वक घेरा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तो एक दिन में 4 से 5 बड़ी रैलियां कीं। भाजपा के लिए हरियाणा में सघन प्रचार करने वालों में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि शामिल रहे। हरियाणा भर में कोई शहर या गांव ना छूटे इसके लिए विभिन्न प्रदेशों के प्रवासी नेताओं और कार्यकर्ताओं की ड्यूटी भी लगायी गयी ताकि भाजपा की उपलब्धियों और पार्टी के संकल्प पत्र में किये गये वादों को जन–जन तक पहुँचाया जा सके। इसके अलावा भाजपा की सोशल मीडिया टीम ने विपक्षी नेताओं और उम्मीदवारों के प्रचार और उनके संबोधनों पर बारीकी से निगाह रखी। यदि किसी विपक्षी नेता ने कोई विवादित बयान दिया तो उसको सोशल मीडिया पर वायरल करवाया गया। बहरहाल, तमाम प्रयासों के जरिये भाजपा मनोहर लाल खट्टर के प्रति नाराजगी से उबर पाने में तो सफल हुई। देखना होगा कि यह सफलता मतों में परिवर्तित होती है या नहीं? लोकसभा चुनावों के बाद हो रहे हरियाणा चुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। यदि भाजपा अपनी सरकार बचा लेती है तो लोकसभा में स्पष्ट बहुमत पाने से चूकी पार्टी का मनोबल बढ़ जायेगा और यदि कांग्रेस चुनाव जीतती है तो राहुल गांधी का कद और स्वीकार्यता राष्ट्रीय राजनीति में और बढ़ जायेगी।

# प्रोपेगंडा, दोहरापन और गैरजिम्मेदारी

शंकर शरण

हमारे नेता नियमित रूप से प्रोपेगंडा, उपदेश, दिखावे, आदि करते रहते हैं। जबकि वास्तव में ताउम्र गद्दीनशीनी और तरह–तरह से दोहन की फिक्र में रहते हैं। यह स्वतंत्र भारत में शुरू से ही स्थापित मॉडल बन चुका है। सामान्य राजकाज अफसरों पर छोड़ा रहता है, जो उसे अपनी स्थिति, प्रवृत्ति और अवसरवादिता से जैसे–तैसे चलाते हैं। विभिन्न दलों और नेताओं में यही आम नमूना है। जो भी अंतर, वह मात्र डिग्री व रूप का है।

इसलिए क्योंकि भारत के नेता ही किसी देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। और हमें गप्पी गायय की उपाधि चीनी नेता माओ ने दी थी। पड़ोसी होने के नाते विविध प्रसंगों, अनुभवों पर ही उन्होंने अपनी राय बनाई होगी। माओ के अनोखे मुहावरों का प्रायरू कोई स्पष्टीकरण नहीं मिलता। उन का आशय अनुमान से ही समझना होगा।

वैसे, मुहावरे के दोनों शब्द सरल हैं। उन्हें मिलाकर अर्थ कुछ यही बनता है कि हम लोग बातें बनाने वाले, परन्तु दरअसल निरीह, नासमझ, और निकम्मे हैं। हमारे नेताओं की बातों और काम में कुछ भी प्रमाणिक (ऑथेन्टिक), गंभीर (सिन्सियर), या निरूस्वार्थ (डिसइन्टेरेस्टेड) नहीं रहा है, यह हमारे भी एक विद्वान ने 1952 में ही पाया था जिन की दृष्टि विशाल और पैनी थी।सो, यह दुरूखद चरित्र स्वतंत्र भारत में आरंभ से बना, जो ब्रिटिश–राज के ठीक विपरीत था! ब्रिटिश शासक और अफसर यहाँ अपनी नीति, कानून और प्रशासन में कभी भी दिखावटी, भीरू या भ्रष्ट नहीं रहे थे। यह सभी भारतीय भी मानते थे। जबकि हमारे नेताओं की बातें प्रायरू ऊपरी, कर्महीन, तथा उपदेशात्मक रही हैं। जिन का वास्तविक सामाजिक, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय हालातों से कम ही लेना–देना रहा। फलस्वरूप किसी मामले पर सही उपाय ढूँढ कर लगने, जरूरी कदम लेकर खतरे उठाने से भी उन का संबंध नहीं रहता।

अप्रत्याशित या प्रत्याशित विकट घटनाओं पर भी लीपापोती करने, या शुतुरमुर्ग–सा सिर छिपा समय गुजारने की प्रवृत्ति उन में रही है। अर्थात, अपवाद छोड़ हमारे नेताओं में नीति–निर्माण और शासन की समझ तक नहीं रही है। इसी को माओ और आइजनहावर जैसे विदेशी नेताओं ने हैरत से देखा था! पहले गाँधीजी हिटलर को उपदेश लिखते थे, तो बाद में नेहरू अमेरिका को उसी के देश में लेक्चर पिलाते थे। कोई अपने धज–प्रवचनों से दूसरा जीससय होने, तो कोई बस कबूतर उड़ा कर विश्व–शांति का मसीहाय होने का गुमान रखते थे। जबकि अपने देश–समाज की भी असलियत देखने की सूझ उन्हें न थी!

अतरू उन के गप्पी गायय होने की उपमा ठोस अनुभव, अवलोकन पर बनी थी। क्या आज भी वह गलत लगता है? हमारे नेता नियमित रूप से प्रोपेगंडा, उपदेश, दिखावे, आदि करते रहते हैं। जबकि वास्तव में ताउम्र गद्दीनशीनी और तरह–तरह से दोहन की फिक्र में रहते हैं। यह स्वतंत्र भारत में शुरू से ही स्थापित मॉडल बन चुका है। सामान्य राजकाज अफसरों पर छोड़ा रहता है, जो उसे अपनी स्थिति, प्रवृत्ति और अवसरवादिता से जैसे–तैसे चलाते हैं।

विभिन्न दलों और नेताओं में यही आम नमूना है। जो भी अंतर, वह मात्र डिग्री व रूप का है। वही अनुकरण नीचे तक अनुयायी करते हैं। सोशल मीडिया में भी इस के अंतहीन उदाहरण रोज दिखते हैं दृ परनिन्दा, शेखी, और हर विषय पर इन्सटेंट ज्ञान। यह सब हम ने कहाँ से सीखा? अपने नेताओं से। वे ही संपूर्ण वाद–विवाद, तैश–तुर्शी को निर्देशित करते हैं।भारत में राष्ट्रीय विमर्श सदैव नेताओं द्वारा प्रवर्तित व नियंत्रित रहा है। समाजवाद, सेक्यूलरवाद से लेकर जातिगणना, और कण–कण में छीन–झपट के आरक्षण की सारी बातें व गतिविधियाँ सदैव ऊपर से चली हैं। विवेकशील, कर्मठ और न्यायपरक अधिकारियों का स्थान अंग्रेजी राज के साथ ही जाता रहा था। चाटुकार, अवसरवादी और भ्रष्टाचारी लगभग फौरन छा गये थे।अतरू स्वतंत्र भारत का इतिहास माओ के अवलोकन की पुष्टि ही करता है। गाँधीजी के खलीफत भाषणों, एक वर्ष में स्वराज ले लेंगेय से लेकर, मैंने सेना को कह दिया है कि चीनियों को सीमा से बाहर फेंक देंय, और आज के अच्छे दिन आ गयेय जैसे दावों में समान तत्व क्या है?

बड़बोलापनय गंभीर मामलों पर भी नासमझी का प्रदर्शनय समस्या को ठीक–ठीक जानने से भी बेपरवाह बस मन की तरंग से आसान हल देने की नीम–हकीमीय ठोकर खाकर भी अनुभव से कुछ न सीखनाय अपनी करनी के कुपरिणाम की जिम्मेदारी न लेनाय सच्ची समीक्षा न करना न करने देनाय नेतृत्व में अपनी ताउम्र अपरिहार्यता मान कर चलनाय देश–विदेश के दबंग शत्रुओं से नजर बचानाय उन पर बोलने से भी कतरानाय तथा, इन तमाम आदतों से हो रही राष्ट्रीय हानियों पर पर्दा डालना।

यदि उक्त आकलन सही हो, तो हम ने अपने को गप्पी गायय से भिन्न क्या दिखाया? अभी देश में एक संगठन अपने को दुनिया का सब से बड़ा बताता है। कभी राष्ट्रवादी, तो कभी हिन्दूवादी बनता है। उन के नेता कहते हैं हमारा संगठन तीन दिन में ऐसी सेना तैयार कर सकता है जो युद्ध लड़ सके। लेकिन कश्मीर से लेकर केरल, कर्नाटक, बंगाल और दिल्ली, जम्मू तक, जब भी निरीह हिन्दू सामूहिक या अलग–अलग पीडि़त, अपमानित होकर मारे भी जाएं तो इन का एक सुसंगत बयान भी नहीं आता।मौके पर पहुँच कर लडना, जुटना तो दूर रहा! तब उन के लोग बेधड़क कहते हैं कि हमारा काम लडना नहीं, लडने के लिए कहनाय है। जबकि उन की अपनी राजनीतिक पार्टी भी है, जो दशकों से यहाँ वहाँ सत्ताधारी भी है। शेखी बघारने में वे सब को मात देते हैं, पर हर विकट प्रसंग में मुँह सी लेते हैं। इस से अधिक प्रतिनिधि गप्पी गायय का उदाहरण क्या हो सकता है! निस्संदेह, सभी लोकतंत्रों में नेतागण लफ्फाजी करते हैं। अपने शब्दजाल से लोगों को लुभाकर वोट लेना, फिर सत्ता पाकर पदों, संसाधनों की बंदर–बाँट उन का प्रधान काम है। लेकिन अमेरिकी, यूरोपीय लोकतंत्रों में नेताओं ने लफ्फाजी करने में राष्ट्रीय हित के गंभीर विषयों की एक सीमा रखी है।

उन के नेता कुछ गंभीर बिन्दुओं पर एक सर्वदलीय सहमति रखते हैं, ताकि उन की प्रतिद्वंद्विता में समाज की क्षति न हो। उस की तुलना में, भारतीय नेताओं की लफ्फाजियाँ निस्सीम रही हैं। वे अपनी झक में दर्शन, नैतिकता, धर्म और इतिहास भी विकृत करते रहते हैं। तब चालू नियम–कानून और सामाजिक हित तो छोटी चीजें हैं।

यह स्वतंत्र भारत में एक स्थाई दृश्य है। आज तो यदि किसी मुद्दे पर किसी ने कोई सत्याभासी बयान भी दे दिया, तो कुछ लोग उत्साह या आक्रोश से बावले होने लगते हैं। चाहे वह बयान आधा–अधूरा, अनावश्यक या दोषपूर्ण ही क्यों न हो! विशेषकर, सेक्यूलरिज्म वाले मुद्दों पर यह अधिक होता है। पर अन्य विषय भी हैं, जिस पर किसी नेता की सहज अभिव्यक्ति हलचल पैदा करती है। मानो, यह अपने–आप में उपलब्धि या अपराध हो!

हाल में एक सांसद द्वारा किसान आंदोलन के नकारात्मक पहलुओं पर एक बयान उस का उदाहरण है।उन की पार्टी ने ही उन की सार्वजनिक खिंचाई की। मानो सांसद ने अपने मन की बात कह कर कोई अपराध ा कर दिया! जबकि उसी पार्टी का आई–टी सेल महीनों तक किसान आंदोलन पर वही बातें और अतिरंजित प्रचारित करता रहा था। उन के छोटे नेता व कार्यकर्ता उन्हीं मीम और पोस्टों को खूब शेयर करते थे। मानो, वह आंदोलन उन के अखंड प्रचार से ही ध्वस्त हो जाएगा!

लेकिन उल्टा हुआ। अंततरू उन की पार्टी ने ही किसान आंदोलन के सामने हथियार डाल दिए। तब सोशल मीडिया पर उन के समर्थकों और पत्रकारों पर घड़ों पानी पड़ गया। कुछ ने नेताओं के पिद्दीपन पर भड़ास भी निकाली। फिर, यहाँ के चलन अनुसार सब कुछ आयी–गयी बात हो गई। यही चीज ध्यान देने की है दृ प्रोपेगंडा, दोहरापन और गैरजिम्मेदारी।

## आज का राशिफल

मेष राशि–

आज का दिन ठीक–ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

वृष राशि–

आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर–दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। आप सफलता की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ जायेंगे।

मिथुन राशि–

आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। आज आप अपने व्यापार को आगें बढाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज दोस्तों के साथ फोन पर बात कर के समय बितायेंगें।

कर्क राशि–

आज का दिन खुशियां लेकर आया है । बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

सिंह राशि–

आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायें। जो लोग डांस सीखना चाहते है, वे आज सोशल मिडिया की मदद से सीखेंगे। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी।

कन्या राशि–

आज का दिन उतार–चढ़ाव भरा रहेगा। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली–भांति समझ लें। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

तुला राशि–

आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे–मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी।

वृश्चिक राशि–

आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिये फायदेमंद रहेगी। युवाओ को बढिया नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

धनु राशि–

आज का दिन बढिया रहने वाला है। करीयर को बेहतर बनाने के लिए किया गया प्रयास सफल होगा। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

मकर राशि–

कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको ठण्डे दिमाग से सोचेने की जरूरत है, परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपकी मदद मांगेगे।

कुंभ राशि–

आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज सभी जरुरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता के जरिए व्यापार में दी हुई जिम्मेदारियां आप आसानी से निभा लेंगें।

मीन राशि–

आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। जिम ट्रेनर को आज अच्छे ग्राहक मिलेंगे। आपके व्यावसायिक कौशल में तेजी आयेगी और आप एक मजबूत भावना के साथ पेशेवर दौड़ में खुद को आगे पायेंगे। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।

# हमारा देश कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन करने को प्रतिबद्ध है

इस्लामाबाद । मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि उनका देश कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन करने को प्रतिबद्ध है। इब्राहिम ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद कहा कि कश्मीर पर हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस्लामाबाद । पाकिस्तान की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका देश कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन करने को प्रतिबद्ध है। इब्राहिम ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''कश्मीर पर हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन मानवाधिकारों के मुद्दे निश्चित रूप से हमारी चिंताएं हैं।'इब्राहिम की यह टिप्पणी, स्पष्ट रूप से 1948 के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के संदर्भ में थी। इब्राहिम ने यह भी कहा कि



मलेशिया कश्मीर मुद्दे पर ''स्वीकार्य माध्यमों से'' बातचीत जारी रखेगा और प्रार्थना करता है कि ''यह मुद्दा सौहार्दपूर्ण ढंग से हल हो जाए।'' पाकिस्तान और मलेशिया ने अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश, वाणिज्य, कृषि, पर्यटन, शिक्षा और रक्षा सहित विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। द्विपक्षीय बैठकों का जिक्र करते हुए शरीफ ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, ''हमने व्यापार, निवेश के अवसरों, रणनीतिक व रक्षा सहयोग, पर्यटन, कृषि, हरित ऊर्जा, कुशल श्रम और युवा सशक्तीकरण पर चर्चा की।

# भारत से दोबारा दोस्ती करने को बेताब मालदीव, मुइज्जू की यात्रा को लेकर विदेश मंत्रालय ने क्या कहा ?

जून 2024 में प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आए थे। अपनी यात्रा के दौरान वे बेंगलुरु और मुंबई भी जाएंगे, जहां उनके व्यापारिक कार्यक्रम होंगे।चीन के करीबी मालदीव के राष्ट्रपति को अब भारत की कमी का एहसास होने लगा है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पीएम मोदी से मिलने के लिए दिल्ली आने वाले हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव गणराज्य के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइजू 7 से 10 अक्टूबर 2024 तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। यह उनकी भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इससे पहले वे जून 2024 में प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आए थे। अपनी यात्रा के दौरान वे बेंगलुरु और मुंबई भी जाएंगे, जहां उनके व्यापारिक कार्यक्रम होंगे। इस साल की शुरुआत में मालदीव के युवा मंत्रालय के उप मंत्रियों को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने की वजह से निलंबित कर दिया गया था। नई दिल्ली ने माले के समक्ष इस मामले को जोरदार ढंग से उठाया था। मोदी की लक्षद्वीप की यात्रा के बाद सोशल मीडिया एक्स पर उनके पोस्ट को लेकर मालदीव



के उपमंत्रियों ने भारतीय प्रधानमंत्री की आलोचना की थी। भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पदभार संभाला था। मुइज्जू ने भारत से कहा था कि वह देश द्वारा उपहार में दिए गए तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहे लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले। भारत ने 10 मई तक अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुला लिया और उनकी जगह डोर्नियर विमान और दो हेलीकॉप्टरों के संचालन के लिए असैन्य कर्मियों को तैनात कर दिया।

# नाटो के नए महासचिव मार्क रूट पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली यात्रा पर यूक्रेन पहुंचे

कीव । नाटो के नए महासचिव मार्क रूट ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के तहत यूक्रेन का दौरा किया और देश के लिए निरंतर समर्थन का संकल्प जताया। रूट ने कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। नाटो प्रमुख के दौरे के बीच कीव में हवाई हमले के सायरन दो बार बजाए गए। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के नए महासचिव मार्क रूट ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के तहत बृहस्पतिवार को यूक्रेन का दौरा किया और देश के लिए निरंतर समर्थन का संकल्प जताया। रूट ने कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। नाटो प्रमुख के दौरे के बीच कीव में हवाई



हमले के सायरन दो बार बजाए गए। नाटो के नए प्रमुख ने फरवरी 2022 से रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण का मुकाबला कर रहे यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों का समर्थन बढ़ाने में मदद करने का संकल्प जताया।रूट ने भरोसा जताया कि नवंबर में नाटो के सबसे शक्तिशाली सदस्य अमेरिका का नया राष्ट्रपति चुने जाने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ वह काम कर सकते हैं। यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों का समर्थन जारी रखने की दिशा में नाटो प्रमुख का यह दौरा महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने अगले हफ्ते जर्मनी के रैमस्टीन एयर बेस पर नाटो की होने वाली बैठक से पहले युद्ध को लेकर यूक्रेन की आगामी रणनीति पर रूट से चर्चा की। जेलेंस्की और रूट ने युद्ध के मैदान की स्थिति और यूक्रेनी सैन्य इकाइयों की विशिष्ट आवश्यकताओं पर भी चर्चा की। जेलेंस्की ने दोहराया कि यूक्रेन को और अधिक हथियारों की जरूरत है। उन्होंने पश्चिमी देशों से अपील की कि वे रूस के भीतर तक हमला करने के लिए यूक्रेन द्वारा पश्चिमी देशों से प्राप्त किए गए लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा दें। रूट ने यूक्रेन के प्रति नाटो के अटूट समर्थन को दोहराया तथा इस बात पर जोर दिया कि "यूक्रेन पहले से कहीं अधिक नाटो के करीब है।"

नाटो प्रमुख की यात्रा के दौरान यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में पांच मंजिला एक इमारत पर रूसी ग्लाइड बम से हमला हुआ, जिसमें तीन साल की बच्ची समेत कम से कम 12 लोग घायल हो गए।

# हितों की खातिर सशस्त्र बलों के लिए 45 अरब रुपये के बजट को मंजूरी दी


सशस्त्र बलों के लिए पाकिस्तान सरकार ने 45 अरब रुपये का अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने का फैसला किया है, ताकि नकदी की कमी से जूझ रहे देश में चीन के वाणिज्यिक हितों की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बाड़ लगाने का प्रबंधन करने की उसकी क्षमता को मजबूत किया जा सके। पाकिस्तान सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए 45 अरब रुपये का अतिरिक्त बजट उपलब्धा कराने का फैसला किया है, ताकि नकदी की कमी से जूझ रहे देश में चीन के वाणिज्यिक हितों की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बाड़ लगाने का प्रबंधन करने की उसकी क्षमता को मजबूत किया जा सके। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, यह निर्णय बृहस्पतिवार को कैबिनेट की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने की।अखबार ने कहा कि 45 अरब रुपये में से 35.4 अरब रुपये सेना को और 9.5 अरब रुपये नौसेना को विभिन्न उद्देश्यों के लिए दिए जाएंगे। ईसीसी ने चालू वित्त वर्ष के दौरान रक्षा सेवाओं की पहले से स्वीकृत परियोजनाओं के लिए 45 अरब रुपये के तकनीकी अनुपूरक अनुदान के लिए रक्षा प्रभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार किया और उसे मंजूरी दी। जून में बजट की मंजूरी



के बाद सशस्त्र बलों के लिए स्वीकृत यह दूसरा बड़ा अनुपूरक अनुदान है। इससे पहले ईसीसी ने 'ऑपरेशन अज्म–ए–इस्तेहकाम' के लिए 60 अरब रुपये दिए थे। ये अनुपूरक अनुदान 2127 अरब रुपये के रक्षा बजट के अतिरिक्त है। आतंकवादी हमलों की बढ़ती संख्या के कारण, चीन ने अपनी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए आतंकवाद विरोधी सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की मांग की है। चीन ने पाकिस्तान में पहले से काम कर रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक संयुक्त कंपनी की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा है।

# भारत के मोस्ट वांटेड का इस्लामाबाद में गर्मजोशी से स्वागत, भारत ने किया इस अंदाज में रिएक्ट

रणधीर जयसवाल ने कहा कि यह निराशाजनक है और निंदनीय लेकिन आश्चर्य की बात नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि किस पासपोर्ट या कागजात पर वो पाकिस्तान गया इसकी हमें जानकारी नहीं है। आतंकवाद के मुद्दे पर भारत को परेशान करने के उद्देश्य से पाकिस्तान ने कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक का तीन सप्ताह की लंबी यात्रा पर पहुंचने पर राजकीय स्वागत किया गया। जाकिर नाइक भारत के सबसे वांछित चरमपंथियों में से एक है, जिस पर नफरत भरे भाषण देने, आतंकवादियों को फंडिंग करने और मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देने के आरोप हैं। भारत प्रत्यर्पण से बचने के लिए मलेशिया में छिपा हुआ है। जाकिर के पाकिस्तान में ग्रैंड वेलकम पर भारत की तरफ से प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हमने रिपोर्ट देखी है कि उसे (जाकिर नाइक) पाकिस्तान में दाखिल कर दिया गया है और वहां उसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया है। यह हमारे लिए आश्चर्य की बात नहीं है कि एक भारतीय भगोड़े का पाकिस्तान में उच्च स्तरीय स्वागत किया गया। रणधीर जयसवाल ने कहा कि यह निराशाजनक है और निंदनीय लेकिन आश्चर्य की बात नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि किस पासपोर्ट या कागजात पर वो पाकिस्तान गया इसकी हमें जानकारी नहीं है। लेकिन एक चीज हम साफ कर देना चाहते हैं कि मलेशिया के प्रधानमंत्री जब भारत आए थे तो इस मुद्दे को लेकर उनसे बात की गई थी। पाकिस्तान भारत के दुश्मन की ऐसी खातिरदारी कर रहा है



मानों कोई बहुत बड़ा शख्स उसके देश पहुंच गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तो मानो जाकिर से मिलकर फूले नहीं समा रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आपका स्वागत है। लोग आपकी आवाज और उपदेश को सुनने का इंतजार कर रहे हैं। आपका पाकिस्तान में होना हमारे लिए खुसी की बात है। जाकिर की तारीफ के कसीदे यही खत्म नहीं होते। शहबाज ने तो मानो खुद को पूरी दुनिया के मुसलमानों का नुमाइंदा मान लिया हो। जहरीले जाकिर को ये तक कह दिया कि दुनियाभर के मुसलमान उससे बहुत खुश हैं। शहबाज ने कहा कि दीन और इस्लाम के लिए आपका योगदान शानदार रहा है। मुस्लिम वर्ल्ड आपसे बहुत खुश है। जाकिर नाइक को भी यकीन नहीं हो पा रहा था कि आखिर उसकी इतनी खातिरदारी क्यों की जा रही है। बदले में उसने भी कह दिया कि उसका पाकिस्तान आना बरसों का सपना था।

# लेबनान–ईरान में कितने भारतीय ? पश्चिम एशिया में टेंशन पर आया भारत ने दी प्रतिक्रिया

विदेश मंत्रालय ने कहा कि अभी तक, इजराइल, ईरान और अन्य देशों से उड़ानें चल रही हैं, इसलिए लोगों के पास विकल्प है कि वे चाहें तो निकल सकते हैं। परिवारों ने हमसे और हमारे दूतावासों से संपर्क किया है, लेकिन इस समय, हमारे पास कोई निकासी प्रक्रिया नहीं चल रही है।इजरायल ने लेबनान में ग्राउंड ऑपरेशन शुरू कर दिए हैं। वहीं ईरान की तरफ से इजरायल पर मिसाइल दागने के बाद मीडिल ईस्ट में हालात और गंभीर हो गए हैं। इजरायल की तरफ से पलटवार की आशंका तेज हो गई है। पश्चिम एशिया मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने




कुछ दिन पहले एक बयान जारी कर गहरी चिंता व्यक्त की थी। हमने कहा कि हिंसा और स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है। हमने सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा का आह्वान दोहराया था। हमारी राय में यह महत्वपूर्ण है कि यह संघर्ष व्यापक क्षेत्रीय आयाम न ले ले। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अभी तक, इजराइल, ईरान और अन्य देशों से उड़ानें चल रही हैं, इसलिए लोगों के पास विकल्प है कि वे चाहें तो निकल सकते हैं। परिवारों ने हमसे और हमारे दूतावासों से संपर्क किया है, लेकिन इस समय हमारे पास कोई निकासी प्रक्रिया नहीं चल रही है। लेबनान में हमारे लगभग 3,000 लोग हैं, जिनमें से ज्यादातर बेरूत में हैं। ईरान में हमारे लगभग 10,000 लोग हैं, जिनमें से लगभग 5,000 छात्र हैं। इजराइल में हमारे लगभग 30,000 लोग हैं जिनमें से ज्यादातर कर्मचारी हैं। इससे पहले 2 अक्टूबर को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि हम क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में हालिया वृद्धि पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। भारतीय नागरिकों को ईरान की सभी गैर–जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। वर्तमान में ईरान में रहने वालों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें।

# कमान संभालना मतलब मौत को गले लगाना जैसा, छेंतंससी की मौत को हफ्ता भी नहीं बीता और मारा गया नया चीफ

सात दिन भी नहीं हुए और खबर आ रही है कि हिजबुल्ला के नए चीफ पर जोरदार हमला हुआ है। हालांकि किसी की भी तरफ से हाशेम सफीद्दीन की मौत को लेकर पक्की की खबर नहीं आई है। हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद हिजबुल्लाह के नए चीफ यानी इस संगठन के नए कमांडर हिज्बुल्लाह की एग्जिक्यूटिव काउंसिल का चीफ हाशेम साफीद्दीन को बनाए जाने की खबर सामने आई थी। हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्लाह की मौत को अभी हफ्ता भर भी नहीं बीता है। जुमे के दिन प्रार्थना सभा भी आयोजित नहीं हुई थी। तभी एक और खबर आ गई। हिजबुल्ला के नए चीफ की मौत की खबर आ रही है। जानकारी मिल रही है कि हिजबुल्ला के नए चीफ पर भी इजरायल ने उसी तरीके से हमला किया जिस तरह हसन नसरल्लाह पर किया था। सात दिन भी नहीं हुए और खबर आ रही है कि हिजबुल्ला के नए चीफ पर जोरदार हमला हुआ है। हालांकि किसी की भी तरफ से हाशेम सफीद्दीन की मौत को



लेकर पक्की की खबर नहीं आई है। हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद हिजबुल्लाह के नए चीफ यानी इस संगठन के नए कमांडर हिज्बुल्लाह की एग्जिक्यूटिव काउंसिल का चीफ हाशेम साफीद्दीन को बनाए जाने की खबर सामने आई थी। इस खबर के कुछ ही दिन गुजरे थे कि अब इजरायल ने हाशेम साफीद्दीन को निशाना बनाकर जोरदार हमला किया। हालांकि अभी ये साफ नहीं हुआ है कि इस हमले में वो बच गए हैं या मारे गए हैं। लेबनानी मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए इजरायल ने दावा किया कि आईडीएफ ने कथित तौर पर बेरूत के दहिम में हाशेम साफीद्दीन को मारने की कोशिश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये हमला नसरल्लाह को मारने वाले हमले से कहीं ज्यादा बड़ा था। यानी जिस तरह का हमला नसरल्लाह को मारने के लिए किया गया उससे भी ज्यादा घातक अटैक साफीद्दीन के लिए किया गया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार आधी रात में इजरायल ने बेरूत पर भीषण हमलों को अंजाम दिया था। इससे जुड़ी कई तस्वीरें भी सामने आई। कहा जा रहा है कि साफीद्दीन इस वक्त एक अंडरग्राउंड बंकर में हिजबुल्ला के कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहा है। हिजबुल्ला के नए चीफ की क्या हालत है इसके बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी बाहर नहीं आई है। इजरायल द्वारा नसरल्लाह को मारे जाने के बाद से ये इस क्षेत्र में की गई सबसे भीषण बमबारी बताई जा रही है।

# तेहरान में ग्रैंड मस्जिद के बाहर उमड़ी भीड़, नसरल्लाह की मौत के बाद पहली पब्लिक अपीयरेंस में दुनियाभर के मुसलमानों से खामनेई ने ये क्या अपील कर दी ?

मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि बेरूत में हिजबुल्लाह मुख्यालय पर इजरायली हमलों के बाद खामेनेई को एक सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया था। ईरान के सर्वोच्च नेता ने देश के नाम पर अपने संबोधन की शुरुआत लोगों से एकजुट रहने की अपील के साथ की।ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने तेहरान की ग्रैंड मस्जिद में नमाज अदा की। हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्ला की हत्या के प्रतिशोध में ईरान द्वारा इजराइल पर 200 मिसाइलें दागे जाने के कुछ दिनों बाद वो लगभग पांच वर्षों में अपनी पहली तकरीर भी दी। एक वीडियो में लोगों को मारे गए हिजबुल्लाह नेता के स्मृति समारोह के लिए इकट्ठा होते दिखाया गया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि बेरूत में हिजबुल्लाह मुख्यालय पर इजरायली हमलों के बाद खामेनेई को एक सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया था। ईरान के सर्वोच्च नेता ने देश के नाम पर अपने संबोधन की शुरुआत लोगों से एकजुट



रहने की अपील के साथ की। उन्होंने कहा कि आप लोग अल्लाह के बताए रास्ते से नहीं हटे। मुसलमान एकजुट होकर रहना होगा। हमें प्यार मोहब्बत से रहना होगा। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि दुश्मन ने फिलिस्तीन–लेबनान में मुस्लिमों पर हमले किए, ईरान ने मिसाइल से जवाब दिया।पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को एक आपातकालीन बैठक की। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि उनके देश ने इजराइल पर लगभग 200 मिसाइल दागी थीं, ताकि इजराइल की हिंसा को रोका जा सके, जबकि उनके इजराइली समकक्ष ने इस हमले को आक्रामकता का अभूतपूर्व कृत्य करार दिया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प व्यक्त किया, वहीं एक ईरानी कमांडर ने धमकी दी कि अगर इजराइल ने ऐसा किया तो वे बुनियादी ढांचे पर व्यापक हमले करेंगे। लेबनान में इजरायल का अटैक जारी इजरायल ने मध्य बेरूत की एक इमारत को निशाना बनाकर हवाई हमला किया, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। इन लोगों को हिजबुल्ला का सदस्य बताया गया है। इजराइल सितंबर के अंत से ही लेबनान के उन क्षेत्रों पर बमबारी कर रहा हैजहां उग्रवादी समूह हिजबुल्ला की मजबूत उपस्थिति है, लेकिन राजधानी बेरूत के मध्य क्षेत्र को शायद ही कभी निशाना बनाया गया हो। बुधवार देर रात हुए हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी, जिसमें मध्य बेरूत में एक इमारत को निशाना बनाया गया। यह इमारत संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, प्रधानमंत्री कार्यालय और संसद से ज्यादा दूर नहीं है। वहीं, हिजबुल्ला की नागरिक सुरक्षा इकाई ने कहा कि उसके सात सदस्य मारे गये हैं।

# विश्व कप जीतकर लगा जैसे नया जीवन मिल गया रोहित शर्मा

भारत की टीम इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगी और फिर पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जिसका पहला मैच 22 नवंबर से शुरू होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप जीतने के बाद उन्हें लगा कि जैसे नया जीवन मिल गया है। भारत को पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल खेले गए टी20 विश्व कप में उसने दक्षिण अफ्रीका को हराकर आईसीसी ट्रॉफी जीतने के लंबे समय से चले आ रहे इंतजार को खत्म किया था। रोहित की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने वनडे विश्व कप में अपने शुरुआती 10 मैच जीते लेकिन अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में वह ऑस्ट्रेलिया की चुनौती से पार नहीं पा सकी।रोहित ने अहमदनगर में क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन करते हुए वहां बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों से कहा,''मैं बहुत अच्छी मराठी नहीं बोलता हूं लेकिन फिर भी प्रयास करूंगा। हमारे लिए विश्व कप जीतना सबसे बड़ा लक्ष्य था। विश्व कप जीतने के बाद मुझे लगा जैसे नया जीवन मिल गया है।''उन्होंने कहा,''हम यहां अपनी क्रिकेट अकादमी शुरू कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि यह अकादमी यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी तैयार करेगी।''भारत की बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में शानदार जीत के बाद रोहित और कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों को टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है। भारत की टीम इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगी और फिर पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जिसका पहला मैच 22 नवंबर से शुरू होगा।



# टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज हैं ;षभ पंत, आज मना रहे 27वां जन्मदिन

आज यानी की 04 अक्तूबर को टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत अपना 27वां जन्मदिन मना रहे हैं। अपनी प्रतिभा के दम पर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने क्रिकेट की दुनिया में अपना नाम बनाया है। आज यानी की 04 अक्तूबर को टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत अपना 27वां जन्मदिन मना रहे हैं। अपनी प्रतिभा के दम पर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने क्रिकेट की दुनिया में अपना नाम बनाया है। हर क्रिकेटर का यह ख्वाब होता है कि वह भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे और टीम में निरंतर बना रहे। ऋषभ पंत ने अपने इन दोनों ही ख्वाबों को पूरा किया है। तो आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर ऋषभ पंत के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में... उत्तराखंड के रुकड़ी में 04 अक्तूबर 1997 को ऋषभ पंत का जन्म हुआ था। बता दें कि मजह 12 साल की उम्र से उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरूकर दिया था। फिर वह अपनी मां के साथ उत्तराखंड से दिल्ली आए, तो उन्होंने सोनेट क्रिकेट एकेडमी में एडमिशन लिया। जब वह पहली बार दिल्ली आए थे, तो ऋषभ पंत ने अपनी मां के साथ गुरुद्वारे में रात गुजारी थीं। ऋषभ ने दिल्ली में ही प्रारंभिक क्रिकेट शिक्षा ली। साथ ही वह जल्द ही अंडर–19 टीम इंडिया का हिस्सा बन गए थे। कड़ी मेहनत के बाद 22 अक्तूबर 2015 को ऋषभ पंत ने रणजी ट्रॉफी के फर्स्ट क्लास मैच में डेब्यू किया। फिर 2015–16 में उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में लिस्ट ए में डेब्यू किया। साल 2016–17 रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र के खिलाफ मैच खेलते हुए ऋषभ पंत ने एक पारी में 308 रन बनाए। पंत फर्स्ट क्लास मैच में तिहरा शतक बनाने वाले तीसरे सबसे कम उम्र के भारतीय क्रिकेटर बन गए। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 डेब्यू भारत के खिलाफ ऋषभ पंत को सबसे पहली बार डेब्यू करने का मौका साल 2017 में मिला था। पंत ने इंग्लैंड



के खिलाफ तीसरे टी20 में डेब्यू किया था। इस दौरान वह पहले मैच में 3 गेदों में 5 रन बनाकर नाबाद रहे। फिर डेब्यू के बाद वह लगातार अच्छी पारियां खेलते रहे। इसी वजह से आज पंत भारतीय टीम के जरूरी खिलाड़ियों में से एक हैं। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में भी ऋषभ पंत ने शानदार शतक जड़ा था।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जड़ा शतकबता दें कि साल 2019 में ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में दमदार पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने अपनी अक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया की जमीन पर अपना पहला शतक जड़ा। सिडनी में खेले चौथे टेस्ट की पहली पारी में पंत ने 159 रन बनाए, लेकिन यह मुकाबला ड्रॉ हो गया था। पंत के इस शतक ने चारों ओर उन्हीं के चर्चे फैला दिए थे।एक्सीडेंट ऋषभ पंत के करियर में अचानक मोड़ तब आया, जब 30 दिसंबर 2022 को उनका भयानक कार एक्सीडेंट हुआ। इस एक्सीडेंट में पंत बाल–बाल बचे थे। हालांकि उनको गंभीर चोटें आई थीं। जिससे उबरने में क्रिकेटर को लंबा समय लगा। हालांकि जब वह रिकवर होकर फिर से मैदान में आए, तो उनके फैंस ऋषभ पंत को देखकर खूब खुश हुए।

# मोहम्मद शमी को गुजरात टाइटंस नहीं करेगी रिटेन ? पूर्व क्रिकेटर ने बताया कारण

मोहम्मद शमी इस समय अपनी इंजरी से उबर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से वो टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। शमी अपनी फिटनेस पर जमकर काम कर रहे हैं और कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक वो न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के जरिए क्रिकेट के मैदान पर कर सकते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस समय अपनी इंजरी से उबर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से वो टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। शमी अपनी फिटनेस पर जमकर काम कर रहे हैं और कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक वो न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के जरिए क्रिकेट के मैदान पर कर



सकते हैं। इन सारी बातों के बीच टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने शमी को लेकर बड़ी बात कही है। दरअसल, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि गुजरात टाइटंस चोट के कारण आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले तेज गेंदबाज शमी को रिटेन नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि गुजरात की टीम सिर्फ 3 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। सभी खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है। शमी ने आईपीएल 2023 में पर्पल कैप जीता था और 28 विकेट अपने नाम किए थे। उनकी टीम गुजरात उप विजेता रही थी। आईपीएल 2024 में घुटने की सर्जरी के कारण से शमी खेलने से चूक गए थे। आकाश के मुताबिक गुजरात कप्तान शुभमन गिल, राशिद खान और साई सुदर्शन को रिटेन कर सकती है। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चौनल पर बात करते हुए कहा कि एक बहुत ही सीध ।ा रिटेंशन होगा कि आपको शुभमन गिल को रखाना होगा। दूसरा कोई दिमाग लगाने वाली बात नहीं है, वह राशिद खान हैं। आपको उन्हें भी रिटेन करना चाहिए। मुझे लगता है कि साई सुदर्शन तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें रिटेन किया जाना चाहिए। इसके बाद उनके पास कोई ऐसा खिलाड़ी नहीं है जिसकी कीमत 18 करोड़ हो, जिसे आप रिलीज करने पर 18 करोड़ में बेच सकें, चाहे वह केन विलियमसन हो, शमी हो, डेविड मिलर हों या कोई और नाम हो।

# क्रिकेट फैंस के लिए बुरी खबर, एशियन गेम्स 2026 में शामिल नहीं होगा क्रिकेट, जानें पूरी जानकारी

एशियन गेम्स 2026 जापान में होने हैं। जापान के हेड ऑफ क्रिकेट ऑपरेशंस एलन कर ने बताया है कि एशियाड 2026 में क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया है। एलन कर से सवाल किया गया था कि क्या 2026 एशियाड में नागोया में मौजूदा बेसबॉल स्टेडियम का इस्तेमाल क्रिकेट मैच के लिए किया जाएगा।भारतीय क्रिकेट फैंस कुछ समय पहले बड़ी खुशखबरी आई जब देश के सबसे लोकप्रिय खेल को 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया था। ये पहला मौका है जब ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया। इस खुशखबरी के साथ फैंस के लिए बुरी खबर भी है। दरअसल, एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया है। 2026 के एशियन गेम्स जापान में होने हैं। जापान के हेड ऑफ क्रिकेट ऑपरेशंस एलन कर ने बताया है कि एशियाड 2026 में क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया है। एलन कर से सवाल किया गया था कि क्या 2026 एशियाड में नागोया में मौजूदा बेसबॉल स्टेडियम का इस्तेमाल क्रिकेट मैच के लिए किया जाएगा। कर ने एमर्जंग क्रिकेट से कर ने कहा कि, देखों अगर क्रिकेट को शामिल किया जाता है तो ये शानदार होगा। हालांकि हमारी आयोजन समिति से बात हुई है जो कि साफ कर चुके हैं कि ऐसा नहीं है। एशियाड में 41 खेल होंगे लेकिन क्रिकेट अभी उस स्तर पर नहीं है। जब तक वह हमें कुछ और न कहे हम कोई प्लान तैयार नहीं करेंगे। हांगझू में हए एशियन गेम्स में भारत की महिला और पुरुष क्रिकेट टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। ये पहला मौका था जब पुरुष टीम एशियाड में खेलती नजर आई थी।



# चेहरे के भाव देखकर ही एक दूसरे की बात समझ जाते हैं, मंधाना के बारे में बोली

शेफाली वर्मा ने कहा कि उनका अपनी जोड़ीदार स्मृति मंधाना से इतना जबर्दस्त तालमेल है कि दोनों बल्लेबाजी के दौरान एक दूसरे के चेहरे के भाव देखकर मन की बात पढ लेते हैं। पिछले कुछ वर्ष में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के अच्छे प्रदर्शन के पीछे उसके सलामी बल्लेबाजों की सफलता भी है।दुबई । भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि उनका अपनी जोड़ीदार स्मृति मंधाना से इतना जबर्दस्त तालमेल है कि दोनों बल्लेबाजी के दौरान एक दूसरे के चेहरे के भाव देखकर मन की बात पढ लेते हैं। पिछले कुछ वर्ष में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के अच्छे प्रदर्शन के पीछे उसके सलामी बल्लेबाजों की सफलता भी है। शेफाली ने कहा कि उन्हें पता है कि टीम के लिये उनका योगदान कितना महत्वपूर्ण है। शेफाली ने मंधाना के साथ तालमेल के सवाल पर स्टार स्पोर्ट्स से कहा ,'' मैं पिछले दो तीन साल से मंधाना के साथ पारी की शुरूआत कर रही हूं और अब हम बल्लेबाजी के दौरान चेहरे के भाव से ही एक दूसरे के मन की बात पढ लेते हैं। हमें एक दूसरे की ताकत और कमजोरियां पता हैं और हम एक दूसरे को सकारात्मकता देते हैं।'' उन्होंने कहा ,'' हमें पता है कि टीम के लिये हम दोनों कितने अहम है खासकर पावरप्ले के दौरान। इसीलिये हम अपने लिये, टीम के लिये और देश के लिये अच्छे प्रदर्शन का प्रयास करते हैं।'' शेफाली ने कहा ,'' स्मृति दी की टाइमिंग कमाल की है और उन्हें पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाना आता है। मुझे उनकी यही बात बहुत पसंद है।'' उन्होने कहा कि विश्व कप जीतना कप्तान हरमनप्रीत कौर का सपना है। उन्होंने कहा ,'' हरमनप्रीत दी खेल को लेकर काफी जुनूनी है। विश्व कप जीतना उनका सपना रहा है और मैं उम्मीद करती हूं कि उनका यह सपना सच हो जाये। वह महान खिलाड़ी और शानदार कप्तान है जो हमें प्रेरित करती है।



# पंत को दिल्ली कैपिटल्स करेगी रिटेन ? पार्थ जिंदल ने दिया ये जवाब

ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में किसी और फ्रेंचाइजी टीम के लिए खेल सकते हैं। पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं। लेकिन अब दिल्ली कैपिटल्स के ओ–ओनर पार्थ जिंदल ने साफ कर दिया है पंत आईपीएल 2025 में भी दिल्ली कैपिटल्स का ही हिस्सा रहेंगे और उनकी फ्रेंचाइजी टीम उनको रिटेन करेगी। आईपीएल 2025 का इंतजार फैंस को अभी से है। इसी साल के अंत में आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन होना है। वहीं मेगा ऑक्शन से पहले सभी फ्रेंचाइजी टीमों को अपने रिटेन्ड किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट बीसीसीआई को सौंपनी है। खिलाड़ियों के रिटेंशन को लेकर बीसीसीआई ने नियमों का ऐलान कर दिया है। वहीं कहा जा रहा है कि, ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में किसी और फ्रेंचाइजी टीम के लिए खेल सकते हैं। पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं। लेकिन अब दिल्ली कैपिटल्स के ओ–ओनर पार्थ जिंदल ने साफ कर दिया है पंत आईपीएल 2025 में भी दिल्ली कैपिटल्स का ही हिस्सा रहेंगे और उनकी फ्रेंचाइजी टीम उनको रिटेन करेगी। आईएनएस को दिए इंटरव्यू में पार्थ ने कहा कि, हां हम पंत को जरूर रिटेन करेंगे। हमारी टीम में कुछ बहुत ही शानदार खिलाड़ी हैं। अभी रिटेंशन के नियम हमारे सामने आए ही हैं, तो जीएमआर के साथ और हमारे डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली के साथ डिसकशन के बाद हम कोई फैसला लेंगे। पंत को पक्का ही रिटेन किया जाएगा। हमारे पास अक्षर पटेल हैं, जो बहुत ही बेहतरीन खिलाड़ी हैं। दिल्ली कैपिटल्स के ओनर ने आगे कहा कि, ट्रिस्टन स्टब्स, जेक फ्रेजर मैकगर्क, कुलदीप यादव, अभिषेक पोरेल, मुकेश कुमार और खलीली अहमद ये सभी खिलाड़ी हमारी टीम में काफी शानदार हैं। बीसीसीआई ने रिटेंशन को लेकर जो नियम पेश किए हैं, उनसके हिसाब से कोई भी फ्रेंचाइजी टीम अपने 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। इसके लिए रिटेंशन के साथ राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# सेब खाने के फायदे तो जानते होंगे अब जान लें नुकसान, ये लोग भूलकर भी न खाएं

सेब खाना यूं तो हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है, लेकिन इसके कुछ साइड इफेक्ट भी होते हैं जिनसे हमें बचना चाहिए.

एन एप्पल इन ए डे कीप डॉक्टर अवे... यह कहावत तो आपने बहुत सुनी होगी कि दिन में एक सेब खाने से हम डॉक्टर से दूर रह सकते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हें एप्पल का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह एप्पल सेहत के लिए हानिकारक भी हो सकते हैं. तो चलिए हम आपको बताते हैं एप्पल खाने के फायदे और इसके साइड इफेक्टके बारे में.सेब में विटामिन सी, पोटैशियम और डाइटरी फाइबर जैसे जरूरी विटामिन और खनिज होते हैं. इतना ही नहीं ये क्वेरसेटिन, कैटेचिन और क्लोरोजेनिक एसिड जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं.सेब में डाइटरी फाइबर होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करते हैं. इसमें मौजूद पॉलीफेनॉल ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है. कैलोरी कम होने के कारण यह वेट लॉस करने वाले लोगों के लिए बढिया स्नैक ऑप्शन है.इसमें पेक्टिन होता है, यह प्रकार का प्रीबायोटिक फाइबर है जो पेट में अच्छे बैक्टीरिया को पोषण देता है, जिससे पाचन बेहतर होता है. सेब में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करते हैं.कुछ लोगों को सेब खाने से एलर्जी हो सकती है, खासकर ओरल एलर्जी सिंड्रोम वाले लोग अगर ज्यादा मात्रा में सेब का सेवन करें तो इससे मुंह, गले और त्वचा में खुजली या सूजन हो सकती है. बहुत ज्यादा सेब खासकर इसका छिलका खाने से पेट फूलना, गैस या पेट में ऐंठन हो सकती है. सेब थोड़े से अम्लीय होते हैं ऐसे में ज्यादा सेब खाने से एसिड रिफ्लेक्ट या पेट अपसेट हो सकता है.सेब का जूस एंटीहिस्टामाइन और एंटीबायोटिक जैसी कुछ दवाओं के अब्जॉर्प्शन में बाधा पैदा कर सकता है. वहीं, सेब खाने के बाद मूली, खट्टे फल, अचार खाने से हमेशा बचना चाहिए. आजकल मार्केट में ऐसे सेब भी खूब मिलते हैं जिसमें



# सुबह की एक गलती बन सकती है सिर–गर्दन के कैंसर की वजह, स्टडी में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

सिर और गर्दन के कैंसर से बचना चाहते हैं तो रोजाना ब्रश और फ्लॉसिंग करें. इससे मसूढ़ों से जुड़ी कई बीमारी हो सकती है. यह दावा एक रिसर्च में की गई है. ओरल हेल्थ को लेकर लापरवाही से बचने की सलाह दी गई है.सुबह की एक गलती सिर और गर्दन के कैंसर का रिस्क बढ़ा सकती है. एक नई स्टडी में पता चलता है कि रेगुलर तौर से अपने दांतों को ब्रश करने और फ्लॉसिंग करने से इन दोनों ही कैंसर का खतरा कम हो सकता है.अध्ययन के अनुसार, मुंह की साफ–सफाई न करने से सिर्फ डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर ही नहीं बल्कि सिर और गर्दन के कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है. इसलिए ओरल हेल्थ को लेकर किसी तरह की लापरवाही न बरतें.क्या कहती है स्टडीयह स्टडी कैंसर के खतरे और मुंह में कुछ बैक्टीरिया के बीच कनेक्शन की पहचान के लिए की गई थी. एनवाईयू लैंगोन हेल्थ और इसके पर्लमटर कैंसर सेंटर के रिसर्चर के नेतृत्व में हुई इस स्टडी में पाया गया कि मुंह में रहने वाले सैकड़ों में से



एक दर्जन से ज्यादा प्रकार के बैक्टीरिया सिर और गर्दन स्क्वैमस सेल ग्रोथ की आशंका 50 प्रतिशत तक बढ़ा देती हैं, जबकि छोटे अध्ययनों ने मुंह में कुछ बैक्टीरिया को कैंसर से जोड़ा है.स्टडी में हेल्दी पुरुषों और महिलाओं से जमा ओरल जर्म्स की जेनेटिक स्ट्रक्चर को देखा गया. मुंह में नियमित रूप से पाए जाने वाले सैकड़ों अलग–अलग बैक्टीरिया में से 13 प्रजातियों को एचएनएससीसी के जोखिम को बढ़ाने या कम करने के लिए दिखाया गया है. कुल मिलाकर, इस ग्रुप में कैंसर की आशंका 30 प्रतिशत अधिक थी. मसूड़ों की बीमारी में अक्सर देखी जाने वाली 5 अन्य प्रजातियों के कॉम्बिनेशन में जोखिम 50 प्रतिशत बढ़ गया था.क्या कहते हैं रिसर्चरये बैक्टीरिया बायोमार्कर के तौर पर काम कर सकते हैं, जिनसे हाई रिस्क की पहचान की जा सकती है. क्वाक का कहना है कि पिछली जांचों में पहले से ही इन कैंसर से पीडिघ्त लोगों के ट्यूमर के सैंपल में कुछ बैक्टीरिया का पता चला था. फिर, 2018 में मौजूदा रिसर्च टीम ने पता लगाया कि हेल्दी पार्टिसिपेंट्स में रोगाणु, समय के साथ, एचएनएससीसी के आने वाले जोखिम में कैसे मदद कर सकते हैं. हालांकि, इसे लेकर अभी और भी ज्यादा रिसर्च की जरूरत है.रेगुलर तौर पर करें ब्रश इस स्टडी में शामिल रिसर्चर का कहना है कि अपने दांतों को ब्रश करना और फ्लॉसिंग रेगुलर तौर पर करें.

# पैगम्बर साहब पर आपत्तिजनक टिप्पड़ी करने को लेकर ए आई एम आई एम कार्यकर्ताओ ने जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन



ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

यति नरसिन्हानन्द की ग्रिफ्तारी की माँग व नरसिंहनंद पर एफ आई आर दर्ज करने की मांग को लेकर ए आई एम आई एम (।प्डप्ड) के पूर्व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष निशात अली व युवा जिलाध्यक्ष आजाद अहमद की अगुवाई मे ए आई एम आई एम (।प्डप्ड) के कार्यकर्ताओ ने जिलाधिकारी के माध्यम से पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन दिया, ज्ञापन के माध्यम से कहा गया की यति नरसिम्हानन्द ने इस्लाम के पैगम्बर हजरत मोहम्मद स. आ. व साहब के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है उनके शान मे गुस्ताखी की हैं जो की मुस्लिम समाज को किसी भी स्थिति मे बर्दाश्त नहीं हैं यति नरसिम्हानंद जैसे लोग समाज मे नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं अपने बयानों से और इस्लाम के पैगम्बर का अपमान कर रहे हैं, इस लिए हमारी पार्टी ऐसे लोगो के खिलाफ कठोर कार्रवाही करने की मांग करती हैं! और जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाये जिस से समाज और देश की एकता अखंडता बनी रहे, इस अवसर पर नईम अख्तर अंसारी, मुजीबुद्दीन खान, आतिफ अख्तर, मेराज अहमद, रिजवानूल्लाह खान, आफताब अहमद , तनवीर अहमद, रिजवान अहमद, उबैदउल्लाह, मोहम्मद नासिर, महताब आलम, डॉ जियाउर्रहमान, एडवोकेट मशरूर आलम, रहमतुल्लाह, नुरुल हसन, सिराजुद्दीन आदि उपस्थित रहे,

# लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायाधीश ने दिया दिशा निर्देश

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 3723/एसएलएसए 02६ 2024–एम०एल०ए० दिनांक 01 अक्टूबर 2024 के द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 14.12.2024 को उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त क्रम में माननीय जिला जज ६ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विरजेन्द्र कुमार सिंह के आदेशानुसार मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि दिनांक 14 दिसम्बर 2024 (द्वितीय शनिवार) को प्रातः 10.00 बजे से सिविल कोर्ट सिद्धार्थनगर व बाह्य स्थित न्यायालय बांसी, डुमरियागंज एवं जिला कारागार, सिद्धार्थनगर तथा समस्त राजस्व बकबन्दी एवं अन्य न्यायालयों में आपराधिक शमनीय वाद धारा 138 पराकम्य लिखत अधिनियम्, न्यायालय में लम्बित पुराने वादो, ई० चालान व आर्वीट्रेशन के निष्पादन वादी बैंक बत्तूली के वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाए पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित) सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद (जनपद न्यायालय में लम्बित) अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष बाद), के प्रकरण से सम्बन्धित मामलों को प्रमुखता प्रदान करते हुए से संबंधित लम्बित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है

साथ ही साथ उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटीगेशन स्तर के परिवार न्यायालय से सम्बन्धित पारिवारिक वाद एवं प्री–लिटीगेशन स्तर के प्रकरण धारा 136 पराकम्य लिखत अधिनियम् बैंक वसूली के वाद, श्रम बाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (बोरी से सम्बन्धित विवाद सहित) एवं अन्य वादें (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य सिविल) के प्रकरण आदि का भी निस्तारण पारस्परिक सुलह समझौते के आधार पर आपसी सद्भावना के अधीन कराया जा सकता है। उक्त आशय की जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर मनोज कुमार तिवारी द्वारा दिया गया है।

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर द्वारा तहसील नौगढ़ के अन्तर्गत गंगवल ग्राम पंचायत भूतहिया, छाटाडीह का बाढ़ के दृष्टिगत निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हल्का लेखपालो को निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित गांवों का सर्वे कर ले ग्रामो में बुजुर्ग, महिलाध्पुरूष, बीमार व्यक्तियों को चिन्हित कर ले इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित गांव में ऐसी महिला जो गर्भवती है और उसकी डिलेवरी 15–20 दिनों के अन्दर होना है तो उसे पहले से ही चिन्हित कर सुरक्षित प्रसव करने हेतु सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दिया जाये जिससे उस परिवार के लोगो को कोई समस्या न होने पाये बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो तत्काल लंच पैकेट और राशन किट का वितरण कराये जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मेडिकल टीम गांवों में लोगो का जांच कर आवश्यक दवायें उपलब्ध कराये फसल का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति दिलाने का निर्देश दिया

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्रा, संबधित हल्का लेखपाल, एवं अन्य संबधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया गौआश्रय का निरीक्षण




ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड– मिठवल में संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय ग्राम पंचायत दुभरा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय श्री सौरभ पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी, मिठवल, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, केयर टेकर उपस्थित रहे खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 35 गोवंश संरक्षित है वर्तमान में एक पशु बीमार है जिसका नियमित उपचार करने के निर्देश दिए गए गौशाला में साफ–सफाई का अभाव एवं कीचड़ पाया गया खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि बारिश होने के कारण कीचड़ हो गया है, अतिशीघ्र सफाई करने तथा परिसर में आवश्यकतानुसार ब्रिक सोलिंगध इण्टरलाकिंग करने के निर्देश दिया गया गोवंश के लिए सरंक्षित भूसा, पशु आहार का अवलोकन किया गया भूसा एव पशु आहार उपलब्ध पाया गया हरा चारा का प्रयोग नहीं किया जा रहा था, हरा चारा के संबंध में खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया हरा चारा की बोवाई कराना सुनिश्चित करें गौशाला के बगल निर्मित कम्पोस्ट पिट का प्रयोग नही किया जा रहा है खण्ड विकास अधिकारी का निर्देशित किया गया कि कम्पोस्ट का प्रयोग करते हुए खाद तैयार करना सुनिश्चित करें।

# प्राथमिक विद्यालय नाचनी का किया गया निरीक्षण




मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा प्राथमिक विद्यालय नचनी विकास खण्ड क्षेत्र–मिठवल का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति पंजिका को देखा गया निरीक्षण के समय 02 सहायक अध्यापक व 01 शिक्षामिश्र उपस्थित पाये गये। नामाकंन 65 के सापेक्ष मात्र आज मात्र 37 बच्चें उपस्थित पाये गये प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावक से वार्तालाप करें तथा नियमित रूप से ग्राम में भ्रमण करें विद्यालय में एम.डी.एम. बनाया गया , परन्तु सैंपल नही रखा गया है प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि खेल सामग्री को मध्यावकाश में सामग्री बच्चों को वितरित करें जिन बच्चो के अभिभावक के खाते में ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने हेतु धनराशि प्रेषित किया गया है, ऐसे अभिभावको को जागरूक करते हुए क्रय कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया निपुण के सम्बन्ध में शिक्षकगण से वार्तालाप किया गया विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया गया केन्द्र की छत खराब हो गयी है, जिसे ठीक कराने के निर्देश दिये गये केन्द्र पर बच्चों की संख्या कम थी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री से हाटकुक मील के सम्बन्ध में पूछने पर बताया गया कि हाटकुक मिल दिया जा रहा है सम्भव अभियान एवं पोषण अभियान के अन्तर्गत ग्राम भम्रण एवं पोषण टैकर रजिस्टर आदि अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया।

# बेटी को अगवा कर गलत काम करवाने का आरोप

### सीओ हर्रैया कर रहे हैं मामले की तहकीकात

संवाददाता

बस्ती पैकोलिया थानाक्षेत्र से एक युवती का अपहरण कर उसके साथ गलत काम कराने का आरोप स्वजन ने लगाया है। युवती की मां की तहरीर पर गांव के ही तीन महिलाओं पर अपहरण व धमकी देने व दलित उत्पीड़न का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है। तहरीर के मुताबिक युवती का मां ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी गांव की एक लड़की व उसकी मौसी के साथ बीते 28 अगस्त 24 को बेलघाट बाजार गई थी।वहां से वापस नहीं लौटी जब पीड़िता ने आरोपित के घर जाकर बेटी के नहीं आने की वजह पूछी तो पहले बताया गया कि एक सप्ताह में उसकी बेटी आ जाएगी। जब हफ्ते भर जब वह वापस घर नहीं आई तो दुबारा युवती की मां जब पूछने गई तो आरोपित के घर वालो ने धमकी देने लगे। घटना के बाबत सीओ हर्रैया अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपित पक्ष की महिलाओं को पूछताछ के लिए सोमवार को बुलाया गया है। हर एक पहलुओं मामले की जांच–पड़ताल की जा रही है।

# मिला भेड़िया की कोई पद चिन्ह,वापस लौटी टीम

### ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने चलाया तलाशी अभियान

संवाददाता।

बस्ती वन क्षेत्र कप्तानगंज के मेंढ़उआ व डिहवा गांव में भेड़िया जैसे जानवर दिखाई देने की सूचना पर वन विभाग अलर्ट हो गया है। शनिवार की रात व रविवार की सुबह टीम ने तलाशी अभियान चलाया। भेड़िए का कोई पद चिन्ह न मिलने पर टीम वापस लौट गई।शनिवार की शाम खेत में काम करते समय ग्रामीणों को झुंड में भेड़िया जैसे जानवर दिखाई दिया था। इसकी सूचना वन विभाग को दिया।इस संबंध में एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने लगा हालांकि आपका लोकप्रिय दैनिक जागरण समाचार पत्र ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। । रविवार की सुबह गांव में पहुंचे उपक्षेत्रीय वन अधिकारी ज्ञान प्रकाश गौतम ने वनकर्मी रामदयाल, गिरजेश व नंदू के साथ पुनः खोजबीन प्रारंभ किया। मनोरमा नदी के किनारे स्थित जंगल व नजदीकी गन्ने के खेत, झाड़ियों में तलाश की गई। टीम को कहीं भी भेड़िए के पदचिन्ह या ऐसा कोई सुराग नहीं दिखाई दिया।

# मोतीचन्द्र राजभर, कोतवाल वाल्टरगंज, बस्ती में सीसी कैमरे, ड्रोन से होगी दुर्गापूजा पंडाल की निगरानी

बस्ती जनपद में दुर्गापूजा व दशहरा मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस के अधिकारियों ने कमर कस ली है। जिले में 2241 पूजा–पंडालों में दुर्गा पूजा होगी। सभी पंडालों की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होंगी। संदिग्ध क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से पूजा व शहर में देर रात तक चलने वाले मेले में आने जाने वालों लोगों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। मेले में दर्शनार्थियों की सुरक्षा के साथ पीएसी, पुलिस, क्यूआरटी के अतिरिक्त होमगार्ड, पीआरडी के जवानों को ट्रेंड किया जा रहा है। शोहदों को पकड़ने के लिए महिला पुरुष जवान सादे वर्दी में मुस्तैद रहेंगे। दुर्गापूजा मेले के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों की खैर नहीं होगी। त्योहार के समय भीड़भाड़ध वाले स्थानों पर शोहदों से निपटने के लिए महिला बीट अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। सभी थाना क्षेत्र की महिला बीट अधिकारियों को त्योहार को लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी ने इसके लिए अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह को नोडल अधिकारी बनाया है। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि दुर्गा पूजा के दौरान स्थापित होने वाली मूर्तियों का भौतिक सत्यापन करा लिया जाए। समस्त थाना प्रभारी को अपने–अपने क्षेत्रों में स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमा के पंडालों का निरीक्षण, क्षेत्र के आयोजकों के साथ मीटिंग कर त्योहार सकुशल संपन्न कराने के लिए निर्देशित किया है। सभी थाना प्रभारी को प्रतिदिन अपने–अपने क्षेत्र में दुर्गा पंडाल का भ्रमण करना है। जुलूस एवं विसर्जन से संबंधित मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और सकुशल आवागमन के लिए यातायात व्यवस्था बनाए रखेंगे।जिले में 15 दिनों चलने वाले दुर्गापूजा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्वयं प्रमुख पूजा पंडालों का निरीक्षण करेंगे। इसको लेकर समुचित सुरक्षा प्रबंध और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उपाय किए जा रहे। पुलिस कर्मियों के सामान्य अवकाश पर 17 अक्टूबर तक के लिए रोक लगा दिए गए हैं।

# दहेज उत्पीड़न में पांच नामजद

संवाददाता।

बस्ती थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव निवासिनी पूजा पुत्री राम बहाल ने सोनहा थाने पर तहरीर देकर बताया कि मेरी शादी 17 अप्रैल 2022 को हिंदू रीति रिवाज से सोनहा थाना क्षेत्र के गोबरहिया गांव निवासी राम प्रताप पुत्र टिल्लू के साथ हुआ था। ससुराल पक्ष वालों द्वारा गुरुवार को दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर पति राम प्रताप , ससुर टिल्लू, सास कांति देवी, ननद सोनिया समेत ससुराल के छह लोग हमेशा प्रताड़ित करते हैं , अपशब्द भाषा का प्रयोग करते हुए मारे पीटे है व जान माल की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया पूजा देवी के तहरीर पर राम प्रताप, टिल्लू, कांति, सोनिया,व दो अज्ञात के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न से मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# शहीद हासिम की याद में निकला अलम व ताबूत का जूलूस

### कर्बला शहीदों की याद में किया गया नौहा, मातम

इमामबाड़ा शाबान मंजिल में किया गया मजलिस का आयोजन

बस्तीरू कर्बला में शहीद की याद में हुसैनी मिशन की जानिब से इमामबाड़ा शाबान मंजिल में शनिवार रात मजलिस का आयोजन किया गया। 18 शहीदों के प्रतीक के रूप में अलम व ताबूत जुलूस निकाला गया। उतरौला की मेहमान अंजुमन कमरेबनी हाशिम व स्थानीय अंजुमन इमामिया ने नौहा व मातम किया। इमामबाड़ा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एक–एक शहीद का ताबूत निकाला जा रहा था, मौलाना हैदर मेंहदी हर एक शहीद पर रोशनी डाल रहे थे। अली असगर का झूला, हजरत कासिम का जनाजा, इमाम हुसैन का जुलजनाह व हजरत अब्बास का अलम जब आया तो हर तरफ से रोने की आवाज उठने लगी। शहादत का बयान कर्बला की मंजरकशी कर रहा था।अलीहसन जाफर, अली जाफरी, शारिब, हेलाल, सुहेल बस्तवी, रमीज, फरजान, अयान आदि ने नौहा ख्वानी किया। इमामबाड़े में आयोजित मजलिस में हुसैनी रिजवी अकबरपुर ने कहा कि कर्बला में जो 72 लोग शहीद हुए थे। हाशमी घराने के 18 लोग शामिल थे। इनमें छह माह का असगर, युवा अली अकबर व बुजुर्ग भी थे।

# दुर्गापूजा को लेकर अलर्ट मोड में आया प्रशासन

### दुर्गापूजा संचालकों को बताई गई गाइड लाइन, दी चेतावनी

बस्ती(आरएनएस) दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। शुक्रवार को देर शाम कलक्ट्रेट सभागार में पुलिस प्रशासन व दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दुर्गा पूजा के लिए शासन से मिली गाइडलाइन से उन्हें अवगत कराया। दुर्गा पूजा की गरिमा बनी रहे, इसके लिए पूजा कमेटियों के संचालकों को प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को चेताया भी कहा कि कहीं कोई कमी पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं, इस दौरान पूजा कमेटियों ने भी अपनी–अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। समस्याओं का निवारण का आश्वाशन दिया गया। इस मौके पर एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने कहा कि दुर्गापूजा आयोजक गण डीजे का प्रयोग नहीं करेंगे। रात्रि दस बजे से सुबह छह बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं करेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने कहा कि सभी पंडाल वाले आग से बचाव का इंजताम रखेंगे। विद्युत तार के नीचे पंडाल नहीं बनाएंगे।सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने कहा कि शासन के निर्देशों का सभी को अक्षरसरू पालन करना होगा। यदि इसकी अनदेखी मिली तो संबंधित संचालक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में ई–रिक्शा का रूट यातायात पुलिस ने किया निर्धारित

बस्ती(आरएनएस) यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के जनपद को पांच जोन में बांटा जाएगा। जोनवार अलग–अलग इसका नामकरण किया जाएगा। शहर में तीन व ग्रामीण क्षेत्र में दो रूट यातायात पुलिस ने तय किए गए है। रूट का नामकरण कर दिया गया है। शहर में तिरंगा तिराहे से लेकर वाया गांधीनगर, रोडवेज जिला अस्पताल, दक्षिण दरवाजा होकर रेलवे स्टेशन जाने वाले रूट को रेड जोन नाम दिया गया। दक्षिण दरवाजा, मंगल बाजार, करुआबाबा, रेलवे स्टेशन वाया हड़िया को आरेंज जोन में रखा गया है। बड़ेवन, मालवीय रोड, कटरा पानी, अमहट व फुटहिया को ब्लू जोन नाम दिया गया है। इसी प्रकार बड़ेवन, पटेल चौक, मनौरी, वाल्टरगंज व रुधौली को यलो जोन बनाया गया है।जबकि फुटहिया, चेतक तिराहा, डारीडीहा, सोनूपार वाया महसों को ग्रीन जोन में बांटा गया है। इसे दुर्गापूजा के उत्सव के बाद एक नवंबर से लागू कर दिया जाएगा।

# संविलियन विद्यालय छरदही एनडीएम का राशन चोरी

बस्ती। कलवारी थाना क्षेत्र के संविलियन विद्यालय छरदही को चोरो ने निशाना बनाया है। स्कूल के कार्यालय व किचेन का ताला तोड़ एमडीएम का राशन व वर्तन उठा ले गए।प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार गौतम ने चौकी इंचार्ज गायघाट को लिखित प्रार्थना पत्र दे कर अवगत कराया कि शनिवार की सुबह विद्यालय पर पहुंचा तो रसोइ घर व कार्यालय के कक्ष का ताला व दरवाजा का कुंडी टूटा पड़ा था। आलमारी का सामान बिखरा था। रसोई कक्ष से एमडीएम का गेहूं, चावल व वर्तन उठा ले गए। इसके पहले 15 अगस्त को भी किचेन व प्रधानाध्यापक कक्ष का दरवाजा तोड़ राशन उठा ले गए।थे।

प्रधानाध्यापक ने डायल 112 पर घटना की जानकारी दी। पीआरबी टीम पहुंच कर जांच कर लोगों से साक्ष्य एकत्रित कर थानाध्यक्ष कलवारी को अवगत कराया। स्कूल के बरामदे में सड़क खोदने वाला गैता व गमछा मिला है।थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पीआरबी टीम से जानकारी मिली है। पूछताछ की जा रही है। अभी प्रार्थनापत्र नही मिला है।

# मुख्य आरोपित की तलाश में नेपाल बार्डर पर पहुंची पुलिस

बस्ती(आरएनएस) अयोध्या में विवादित ढांचा गिराने के आरोपित रहे बजरंग दल के पूर्व प्रदेश संयोजक रहे रमेश प्रताप सिंह के बेटे शक्ति के अपहरण के बाद हत्या में तीन नामजद की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की संयुक्त टीम ने मुख्य आरोपित राना नागेश की धरपकड़ तेज कर दी है। पुलिस ने अब तक गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि अपहरण के बाद हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद सभी अलग–अलग दिशा में रवाना हो गए। लेकिन इनका किसी न किसी माध्यम से संपर्क आपस में बना रहा। मुख्य आरोपित घटना के बाद मध्यप्रदेश के रीवा चले गए थे।रीवा में उनका कारोबार भी बताया जाता है। जब तक पुलिस वहां पहुंचती लोकेशन बदल गया । इस बीच पुलिस को गोरखपुर में रहने की जानकारी मिली जब तक टीम पहुंची उसके पहले ही नौतनवा, महराजगंज की में होने की बात सामने आई। मुख्य आरोपित की तलाश में नेपाल बार्डर तक पुलिस पहुंच चुकी है। फिलहाल इस प्रकरण में अब तक तीन लोग पकड़े जा चुके हैं। एक अन्य आरोपित के पुलिस हिरासत में होने की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करने से परहेज किया।


हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।